॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

॥ श्रीः ॥

प्राकृत-प्रबोधः

(प्राकृत भाषा-रचनानुवाद-सम्बन्धी सोदाहरण विवेचन)

लेखक

डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री

ज्योतिषाचार्य, न्यायतीर्थ, साहित्यरत्न;

एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी, प्राकृत एवं जैनालॉजी): पी-एच० डी०

स्वर्णपदक प्राप्त

अध्यक्ष : संस्कृत-प्राकृत-विभाग, एच० डी० जैन कालेज, आरा

(मगध विश्वविद्यालय)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९६५

THE
VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA
130

PRĀKṚTA-PRABODHA

(Introduction to the Prākṛta Language Composition and Translation with examples)

By
Prof. N. C. Shastri
M. A., Ph. D. (Gold Medallist)
Head of the Deptt. of Sanskrit & Prakrit
H. D. Jain College, Arrah.
(Magadh University)

THE
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI-1
1965

प्राकृत भाषा और साहित्य के मनीषी चिन्तक

श्री पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्ताचार्य, वाराणसी

को

सादर : सभक्ति

समर्पित

❀

नेमिचन्द्र शास्त्री

आमुख

आपरितोषाद्विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् ।

प्राचीन भारत की विशाल ज्ञाननिधि संस्कृत, प्राकृत और पालि इन तीनों भाषाओं में सुरक्षित है। अतः भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं ज्ञान-विज्ञान को अवगत करने के हेतु प्राकृत भाषा का ज्ञान नितान्त अपेक्षित है। भारतीय वाङ्मय में प्राकृत वाङ्मय का महत्त्वपूर्ण स्थान है। किन्तु इसके अध्ययन के अभाव में प्रत्येक जिज्ञासु के ज्ञान की चमक धुंधली ही रहेगी। इसमें केवल कल्पना, बौद्धिक विलास एवं मत-मतान्तरों की समीक्षाएँ ही नहीं हैं, अपितु ज्ञानसागर के मन्थन से समुद्भूत जीवनस्पर्शी अमृतरस है। काव्य, कथाएँ, नाटक, दर्शन, अध्यात्म, सूक्तिकाव्य, स्तोत्र-भक्ति-काव्य एवं लोकोपयोगी विविधविषयक साहित्य प्राकृत भाषा में निबद्ध है। समृद्ध वही भाषा मानी जाती है, जिसमें जनसाधारण के बौद्धिक स्तर को पुष्ट करने के साथ विशेषज्ञों के चिन्तन-मनन के लिए भी यथेष्ट ज्ञान-सामग्री वर्तमान हो। संस्कृत भाषा के समान ही प्राकृत का कोष नाना-विषयक साहित्य विधाओं से परिपूर्ण है। ज्ञान-विज्ञान-सम्बन्धी सभी प्रकार की रचनाएँ इस भाषा के गौरव को वृद्धिंगत कर रही हैं। अतएव प्राकृत भाषा के ज्ञान की आवश्यकता प्रत्येक जिज्ञासु के लिए है। हिन्दी भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए संस्कृत भाषा के अध्ययन से कहीं अधिक प्राकृत भाषा का अध्ययन आवश्यक है। हिन्दी के प्रत्यय एवं रूपों का जितना निकट का सम्बन्ध प्राकृत भाषा के साथ है, उतना अन्य किसी भाषा के साथ नहीं। यह सत्य है कि शब्दकोष के लिए हिन्दी संस्कृत की ऋणी है, तो रूप-गठन के लिए प्राकृत की।

यह एक सार्वजनीन सिद्धान्त है कि किसी भी भाषा का ज्ञान प्राप्त करना रचना और अनुवाद की शिक्षा के बिना कठिन है। भाषा को सहज रूप में ज्ञात करने का वैज्ञानिक साधन रचनानुवाद प्रक्रिया है। यतः व्याकरण की विशेष जानकारी रहने पर भी अध्येताओं को उक्त शिक्षा के अभाव में किसी भी भाषा को बोलने और लिखने में कठिनाई का अनुभव होता है। यदि व्याकरण की शुष्क शिक्षा रचना और अनुवाद के द्वारा ही दी जाय तो वह सहज ग्राह्य हो जाती है तथा भाषा के लिखने और बोलने में दक्षता प्राप्त होती है।

विश्वविद्यालयों में प्राकृत का पाठ्यक्रम निर्धारित हो जाने के उपरान्त तो यह आवश्यक हो गया है कि रचनानुवाद सम्बन्धी पुस्तक शीघ्र ही अध्येताओं के समक्ष उपस्थित की जाय। इस विषय की कोई भी व्यवस्थित कृति अभी तक नहीं थी। यद्यपि आदरणीय पं० बेचरदास दोशी ने प्राकृत-प्रवेशिका जैसी दो-एक रचनाएँ गुजराती माध्यम से लिखी हैं, पर छात्रों के लिए वे रचनाएं

उतनी उपयोगी नहीं हैं, अतएव रचनानुवाद के लिए एक स्वतन्त्र पुस्तक की अत्यन्त आवश्यकता बनी हुई थी। इस कमी की पूर्ति के लिए आदरणीय डॉ० एच० एल० जैन, जबलपुर तथा पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्ताचार्य वाराणसी की प्रेरणा एवं आदेश से यह रचना जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है।

रचनानुवाद में व्याकरण के जिन-जिन नियमों की आवश्यकता होती है, उन-उन नियमों का समावेश इस कृति में किया गया है। अतएव रचना-सम्बन्धी व्याकरण के नियमों का बोध कराने के हेतु प्रकरणानुसार ऐसे कई ज्ञातव्य और उपयोगी विषयों की अवतारणा की गयी है, जो पढ़ते ही हृदय में पैठ जाते हैं। प्रयोजनीय नियमों, रूपों और उदाहरणों को व्याख्यापूर्वक समझाने का प्रयास भी किया गया है। व्याकरण, रचना और अनुवाद सम्बन्धी उन प्रारम्भिक बातों का समावेश करने की चेष्टा की गयी है, जिनकी आवश्यकता भाषा को सीखने के लिए अपेक्षित है। उदाहरण-वाक्य और प्रयोग-वाक्यों से कोई भी पाठक प्राकृत बोलने और लिखने का अभ्यास कर सकता है। विश्वविद्यालय के छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर अंग्रेजी अभ्यास भी दिये गये हैं।

द्वितीय भाग में प्राकृत भाषा के उपयोगी अंश संकलित हैं, इन अंशों के अध्ययन से प्राकृत भाषा और साहित्य का परिज्ञान प्राप्त करने में सरलता का अनुभव होगा। चयन करने में अपनी सुरुचि के साथ छात्रों की रुचि और योग्यता का भी ध्यान रखा गया है। अतएव द्वितीय खण्ड के कई अंश पाठ्यक्रम में रखे जा सकते हैं। इस पुस्तक का मननपूर्वक अध्ययन करने से कोई भी जिज्ञासु गुरु की सहायता के बिना प्राकृत भाषा की जानकारी प्राप्त कर सकता है। मेरा यह विश्वास है कि प्राकृत भाषा की अभिज्ञता प्राप्त करने के लिए यह रचना उसी प्रकार उपयोगी सिद्ध होगी, जिस प्रकार संस्कृत भाषा के ज्ञान के लिए ईश्वरचन्द्र विद्यासागर और वामन शिवराम आप्टे की संस्कृत रचनाएँ उपयोगी हैं।

प्राकृत भाषा के अधिजिज्ञासुओं को इस रचना से लाभ होगा तो मैं अपना परिश्रम सफल समझूंगा।

मैं चौखम्बा संस्कृत सीरीज तथा चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी के व्यवस्थापक को धन्यवाद देता हूँ, जिनके सहयोग से यह रचना प्रकाश में आ सकी है।

विदुषामनुचरः
नेमिचन्द्र शास्त्री

विषय-सूची

प्राकृत-प्रबोध

भाग १

पढमो पवाढओ Lesson 1

अकारान्त शब्दरूप और प्रयोग

१. प्राकृत में तीन लिङ्ग, तीन पुरुष और दो वचन होते हैं। द्विवचन का व्यवहार प्राकृत में नहीं पाया जाता है। इसके स्थान पर भी बहुवचन का प्रयोग होता है।

२ प्राकृत में चार प्रकार के शब्द पाये जाते हैं— अकारान्त-अ और आ से अन्त होनेवाले शब्द; इकारान्त—इ और ई से अन्त होनेवाले शब्द, उकारान्त—उ और ऊ से अन्त होनेवाले शब्द एवं हलन्त—जिनके अन्त में व्यञ्जन अक्षर आये हों। पर विशेषता यह है कि प्रयोग में, हलन्त्य शब्द उपलब्ध नहीं होते, अतः उनके स्थान पर भी उक्त तीनों प्रकार के शब्दों में से किसी भी प्रकार के शब्द का व्यवहार पाया जाता है।

पुँल्लिङ्ग अकारान्त शब्दों में जोड़े जानेवाले विभक्ति चिह्न

	एकवचन	बहुवचन
पढमा–प्रथमा	ओ	आ
बीआ–द्वितीया	·	ए, आ
तइया–तृतीया	ण, णं	हि, हि, हिँ
चउत्थी–चतुर्थी	य, स्स	ण, णं
पंचमी–पञ्चमी	त्तो, ओ, उ, हि	त्तो, ओ, उ, हि, हिंतो, सुंतो
छट्ठी–षष्ठी	स्स	ण, णं
सत्तमी–सप्तमी	ए, म्मि, सि	सु, सुं
संबोहण–सम्बोधन	ओ, लुक्	आ

अकारान्त देव शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	देवो	देवा
बी०	देवं	देवा, देवे
त०	देवेण, देवेणं	देवेहि-हिं-हिँ
च०	देवाय, देवस्स	देवाण, देवाणं
पं०	देवत्तो, देवाओ, देवाउ, देवाहि	देवत्तो, देवाओ, देवाहिंतो, देवासुन्तो
छ०	देवस्स	देवाण, देवाणं
स०	देवे, देवम्मि, देवंसि	देवेसु-सुं
सं०	हे देवो, देवा	हे देवा

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं करेन्तु

देव के लिए। देव को। देवों के द्वारा। देवों पर। देव में। देव से। देवों से। देव ने। दो देव। दो देवों को।

शब्दकोष

लोक = लोओ	सूर्य = सुज्जो, आइच्चो
सोना = कणयो	किरण = किरणो
मेघ = मेहो	अपमान = अवमाणो
गाँव = गामो	कुठार = कुढारो
समुद्र = सायरो	क्रोध = कोहो
चन्द्रमा = चन्दो	आचार = आयारो
पहाड़ = पव्वओ	उद्यम = उज्जमो
नगर = नयरो	न्याय = नायो
हाथ = करो	राजा = राया, नरिंदो, निवो
नौकर = सेवओ, भिच्चो	नरक = निरयो
घोंसला = कुलाओ, नीडो	बहिरा = बहिरो
कुँआ = कूवो	ब्राह्मण = बंभणो, माहणो
तालाब = तडाओ	मनोरथ = मणोरहो
हवा = पवनो, वाउ	मृग = मिओ, मिगो
रोष = रोसो	मोक्ष = मोक्खो
व्याध = वाहो	विनय = विणयो
शठ = सढो	स्वभाव = सहावो

३ क्रिया की सहायता के बिना अनुवाद नहीं हो सकता है। यतः वाक्य का प्राण क्रिया ही है। वाक्य की परिभाषा में केवल क्रिया को भी वाक्य कहा है। प्राकृत के क्रियारूप संस्कृत की अपेक्षा बहुत सरल हैं। प्राकृत में प्रायः भ्वादिगण की धातुएँ ही हैं और अकारान्त धातुओं को छोड़कर शेष धातुओं में आत्मनेपदी और परस्मैपदी का भेद भी नहीं है। प्राकृत में लकार नहीं होते। केवल वर्तमान, भूत, भविष्य, विधि, आज्ञा एवं क्रिया-क्रियातिपत्ति ये छः काल के भेद माने गये हैं।

वर्तमानकाल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष (Third person)	इ, ए	न्ति, न्ते, इरे
मध्यम पुरुष (Second person)	सि, से	इत्था, ह
उत्तम पुरुष (First person)	मि	मो, मु, म

हे √भू-होना धातु के वर्तमानकाल के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होइ	होन्ति, होन्ते, होइरे
म० पु०	होसि	होइत्था, होह
उ० पु०	होमि	होमो, होमु, होम

हस-हँसना धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसइ	हसन्ति, हसन्ते, हसिरे
म० पु०	हससि	हसित्था, हसह
उ० पु०	हसामि, हसेमि	हसिमो, हसिमु, हसिम

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं करेन्तु

बहिरा हँसता है। राम हँसता है। बादल बरसते हैं। राम का नौकर हँसता है। गोपाल के हाथ में पत्र है। आकाश में बादल हैं। लड़के हँसते हैं। केशव का तालाब है। मोहन का कुँआ गाँव में है। हरिहर के कुँए का पानी मीठा है। चोर धन चुराता है। घोड़े जाते हैं। पहाड़ ऊँचा है। वाराणसी गङ्गा के तट पर स्थित है। लड़के मैदान में खेलते हैं।

क्रियाकोष

है = अत्थि
हैं = अत्थि, सन्ति
जाता है = गच्छइ
जाते हैं = गच्छन्ति
नहीं है = णत्थि
बरसता है = वरसइ
चुराता है = चोरेइ
कहता है = कहइ, भणइ
बोलता है = बोल्लइ
पढ़ता है = पढइ
चलता है = चलइ
जानता है = जाणइ, मुणइ
खाता है = भुंजइ, जेमइ, खादइ, खाअइ
नमस्कार करता है = नमइ
गिरता है = गिरइ, पडइ
पीता है = पिवइ, पिज्जइ
पीड़ा या दुःख देता है = पीडइ, पीलइ
गर्जता है = गज्जइ
थूकता है = थुक्कइ
खेलता है = खेलइ
भ्रमण करता है = भमइ
इच्छा करता है = इच्छइ, पिहइ
ढकता है = पिंधइ
कूटता है = कुट्टइ
घृणा करता है = गरहइ
पूछता है = पुच्छइ
दौड़ता है = धावइ
धारण करता है = धारइ
धिक्कारता या तिरस्कार करता है = धिक्कारइ
जोड़ता है = पउंजइ
प्रवृत्ति करता है = पउत्तइ
द्वेष करता है = पउसइ
पकाता है = पचइ
निन्दा करता है = पगंथइ
विश्वास करता है = पच्चाअइ
आस्वादन करता है = पच्चोगिलइ
प्रार्थना करता है = पच्छइ
त्याग करता है = पजहइ
जगाता है = पडिबोहइ
वापस जाता है = पडिवच्चइ
ठगता है = पतारइ
रुकता है = थंभइ
रहता है = वसइ
देखता है = पेच्छइ
भेजता है = पेसइ
पीसता है = पीसइ
पवित्र करता है = पुणइ
क्रोध करता है = कुज्झइ
तलाश करता है = गवेसइ
बड़ा बनता है = गरुअइ

प्रयोगवाक्य

मोहन पढ़ता है = मोहनो पढइ।
राम पुस्तक लिखता है = रामो पोत्थअं लिहइ।
नलिन स्कूल में पढ़ता है = नलिनो विज्जालयम्मि पढइ।
राम का घर नदी किनारे है = रामस्स गिहं नइतडे अत्थि।

लड़का खाता है = बालओ खाअइ ।
मनुष्य बोलते हैं = माणुसा बोल्लन्ति ।
लड़के मैदान में खेलते हैं = बालआ खेत्ते खेलन्ति ।
पुत्र पिता को प्रतिदिन प्रणाम करता है = पुत्तो पइदिणं पिअरं पणमइ ।
राम का पिता पटना जाता है = रामस्स पिआ पाडलिपुत्तं गच्छइ ।
मोहन का लड़का जाता है = मोहनस्स पुत्तो गच्छइ ।
केशव का छोटा भाई रोता है = केसवस्स अणुयो कंदइ ।
श्याम मोहन को पीड़ा देता है = सियामो मोहनं पीडइ ।
गोपाल का बड़ा भाई हँसता है = गोवालस्स अग्गओ हसइ ।
दो मोर नाचते हैं = दुण्णि मोरा णच्चन्ति ।
सीता राम का विश्वास करती है = सीया रामं पच्चाअइ ।
सुग्रीव राम से पूछते हैं = सुग्गीवो रामं पुच्छइ ।
गोपाल नौकर को पूछता है = गोवालो भिच्चं पुच्छइ ।
इन्द्र का बड़ा भाई पत्र लिखता है = इंदस्स अग्गओ पत्तं लिहइ ।
राम देवों को प्रणाम करता है = रामो देवे पणमइ ।
नलिन कुँए से पानी खींचता है = नलिनो कूवत्तो जलं भरइ ।
चिड़िया घोंसले में रहती है = चडआ नीडम्मि वसइ ।
व्याध पशुओं को मारता है = वाहो पसुणो हणइ ।
सूर्य में किरण हैं = सुज्जम्मि किरणा संति ।
आकाश में बादल हैं = आयासे मेहा सन्ति ।
पहाड़ पर पेड़ नहीं हैं = पव्वयम्मि रुक्खा ण संति ।
गाँव में तालाब नहीं है = गामंसि तडाओ णत्थि ।
कुँए में दो घड़े हैं = कूवम्मि दुण्णि घडा सन्ति ।
धूल में बालिकाएँ खेलती हैं = धूलीए बालिआ खेलन्ति ।
राजा की सेना जाती है = राइणो सेना गच्छइ ।
गुरु धर्म का उपदेश देता है = गुरु धम्मोवएसं देइ ।
अग्नि उष्ण होती है = अग्गि उण्हं होइ ।
कमल का पुष्प सुन्दर होता है = उप्पलस्स पुप्फं सुन्दरं होइ ।
राजा शत्रु पर आक्रमण करता है = नरिंदो सत्तुणो बोल्लइ ।
मोहन राम का अभिनय करता है = मोहनो रामस्स अहिणयं कुणइ ।
राम चन्द्रमा का दर्शन करता है = रामो चंदं पेच्छइ ।
मृग दौड़ता है वन की ओर = मिओ धावइ वणं पडि ।
वह मोक्ष की कामना करता है = सो मोक्खं अहिलहइ ।

ब्राह्मण क्रोध करता है = माहणो कोप्पं कुणइ।
वन में सिंह गरजता है = वणम्मि सीघो गज्जइ।
नरक में बहुत दुःख होते हैं = णरयम्मि बहू दुक्खा संति।
आकाश में पक्षी उड़ते हैं = आयासम्मि खगा उड्डुन्ति।
उसके खेत में तालाब है = तस्से खेत्ते तडाओ अत्थि।
आरा में अनेक लोग रहते हैं = आराणयरम्मि अणेगा जणा णिवसंति।
वह नौकर को घर भेजता है = सो भिच्चं घरं पडि पेसइ।
वे भात खाते हैं = ते भत्तं खाअन्ति, खादन्ति वा।
राम हरि को धिक्कारता है = राम हरि धिक्कारइ।
घर में वे लोग गिरते हैं = घरम्मि ते जणा पडंति।
राम दीवाल पर थूकता है = रामो भित्तीए थुक्कइ।
वदनसिंह पढ़ने में लगता है = वदनसींघो पढणम्मि लगइ।
रामदास दूत भेजता है = रामदासो दूयं पेसइ।
कालिदास मेघदूत लिखता है = कालिदासो मेहदूअं लिहइ।
जगन्मोहन कष्ट देता है = जगन्मोहनो पीडइ।
वह राम से घृणा करता है = सो रामं गरहइ।
वे लोग प्रतिदिन काम करते हैं = ते पडिदिणं कज्जं कुणंति।
राम पाठ पूछता है = रामो पाढं पुच्छइ
श्याम हर बात पर हँसता है = सियामो पइएगवत्तम्मि हसइ।
वाराणसी में साधु रहते हैं = वाराणसीए साहू णिवसन्ति।
काशी नगरी में अपार भीड़ है = कासीनयरीए अपारसंदोहो अत्थि।
रामदास वन में गाय तलाश करता है = रामदासो वणम्मि गावं गवेसइ।

अब्भासो Exercise

Trarslate into Hindi हिन्दीभाषाए अणुवायं करेन्तु

एगस्स सेट्ठिवरस्स खत्तियपुत्तो लेहवाहगो अत्थि। महिसी पाडलिपुत्तं गच्छइ। मगहाविसए सालिग्गामो नाम गामो। रायगिहे नयरे सेणियो नरिन्दो अत्थि। रामो नयरं गच्छइ। नलिनो वायरणं पढइ। घणं घणेण वड्ढइ। मोरा नच्चन्ति। थोवा णरा किं करेन्ति। बालो रहेण सह चलइ। सुवण्णं भूसणाय होइ। पुत्तस्स धणं देइ। रामो फुल्लाणि चिणइ। मुरुक्खो बुहं निंदइ। समणो नयरं विहरेइ। पुरिसा देवं नमइ। पावा सुहं न पावेन्ति। आयासे मेहा सन्ति। रामो पोत्थयं पढइ। चोरो धणं चोरेइ। रहो पावाउरं चलइ। तस्स मणो सया धम्मे लगइ।

नलिनो परोवयारं कुणइ। सीया महुरं गायइ। रामो रहोवरि चढइ। ठक्कुरस्स समीवे गङ्गा कहेइ। इमा लडहुआ सप्पद्दावा सन्ति। सियामो मोहणं बोलइ। तत्थ बहूणि रयणाइं सन्ति। तत्थ एगो मिढ्ढणो सेट्ठी वसइ। भोयणावसरे जिणदास्सो पुत्तं भणइ। तत्थ णयरीए एगो धम्मदासो सत्थ-वाहो परिवसइ। पच्चूसे सेट्ठी वियारेइ। दाणसीलो जिणदासो सेट्ठिवरो वसइ। निवो मोहणं भणइ। रामस्स पिआ गच्छइ। तस्स चउरो भायरो सन्ति। अत्थ एगो पुरिसो गच्छइ, एगो पढइ, एगो भमइ, एगो नच्चइ य। चउत्थे दिवसे रायसुओ धिक्कारइ। रायसुओ गिहं पजहइ। धुत्तो सुयणं पतारइ। मोहणो मग्गे थुक्कइ। जोइन्दो सव्वत्थ थुक्कइ। सियामो मोहणं पगंथइ। नलिनो पढणम्मि पउत्तइ। राजारामो दुद्धं पिवइ। सा भत्तं खाअइ। महारायं को न जाणइ। नयरे अणेया लोआ सन्ति। एसो नियमो निवेण कओ अत्थि। पेमकुमरो भत्तं पचइ। रीया चुण्णं पीसइ। नइपवाहो थंभइ। मेहो गज्जइ। सेणा दुग्गम्मि पविसइ। मुणी तित्थं गच्छइ। रामो वणेसुं भमइ। हंसा सरोवरं गच्छन्ति। किसओ बइल्ले सअडंसि पउंजइ। भिक्खू पत्तं नेइ। थविरा मोहणं पउसइ। अस्सो खेत्तं धावइ। उज्जाणे फुल्लो फुल्लइ। सोहणो नियगिहम्मि बोल्लइ। तेलिओ तेलं नेइ। रहुवरो जुअं कीडइ। अस्स बालअस्स बुद्धी तिक्खा अत्थि। सियामस्स कण्णा सुसिक्खिया अत्थि। गोवालस्स भज्जा आगच्छइ। तस्स बालिआ बहिरा अत्थि। जिणदासस्स भायरा पंडिआ सन्ति। गोइन्दस्स पुत्तो महाविज्जालयम्मि पढइ।

Trauslate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

राजगृह में नेमकुमार रहता है। नालन्दा में विद्यापीठ है। रामदास हरिमोहन का विश्वास करता है। नलिन दौड़ता है। राजा नगर का त्याग करता है। रीता आटा पीसती है। गंगाजल स्वच्छ होता है। मोहन प्रातःकाल पढ़ता है। शिष्य (सिस्सो) गुरु से प्रश्न (पण्हं) पूछता है। ब्राह्मण पुस्तक पढ़ता है। राजा प्रजा पर शासन करता है। पानी बरसता है। चोर धन चुराता है। धूर्त्त सज्जनों को ठगते हैं। गंगा की धारा रुकती है। स्कूल के लड़के खेलते हैं। योगेन्द्र सब जगह थूकता है। श्याम पटना में रहता है। देवपूजा सबको पवित्र करती है। वह पढ़ने में प्रवृत्त होता है। नलिन लिख रहा है। राम पुस्तक ढूंढ़ता है। मोहन पाप से घृणा करता है। रामप्रवेश घूमता है। मोहन पेड़ से गिरता

है। किसान खेत जोतता है (कसइ)। गोविन्द अपने घर में धान का छिलका अलग करता है (कंडइ)। सिपाही चिट्ठी ले आता है। दो बालिकाएँ तालाब में नहाती हैं (ण्हान्ति)। गीता कटाक्ष करती है (कडक्खइ)। राजा की सेना पीछे हटती है (ओणिअत्तइ)। उसके पास कपड़े हैं। सभी बच्चे पिता को प्रणाम करते हैं। माली बगीचे (उज्जाण) की घास को (तिणं) काटता है (कत्तइ)। मुनि लोग आत्मा का (अप्पं, अत्तं)। ध्यान करते हैं (झाअइ)। राम गुरुजनों को नमस्कार करता है। मोतीराम धनसंग्रह करता है। गाँव में तालाब नहीं है। ब्राह्मण पढ़ता है और लिखता है। चिड़ियाँ घोसलों में रहती हैं। पहाड़ पर झरने होते हैं। सोने से आभूषण बनते हैं (णिम्मइ)। अग्नि गर्म होती है। सुग्रीव राम से पूछता है। सुमतिचन्द्र मोक्ष की कामना करता है। प्राकृत भाषा मधुर है। पावापुर महावीर का निर्वाणस्थान (निव्वाणथाण) है। राजा शत्रु पर आक्रमण करता है। गिरिराज गुरु से डरता है (बीहइ)। कुत्ता भूंकता है (बुक्कइ)। राम विज्ञान को अच्छी तरह समझता है (बुज्झइ)। रामदयाल लकड़ी (काट्ठं) फाड़ता है (फाडइ)। दासी ईंटों को (इट्ठिआ) फोड़ती है (फोडइ)। राम बड़बड़ाता है (बडबडइ)। माधवराम अपने अध्ययन (अज्झयण) को समाप्त करता है (णिट्ठवइ)। नलिन ब्राह्मण को निमन्त्रण देता है (णिमंतइ)। मोहन चन्दन का विलेपन करता है (णिम्मच्छइ)। हरि विद्यालय की देखभाल (णिभालइ) करता है। उसके विद्यालय में मेरा पुत्र पढ़ता है। राममोहन का घर सुन्दर (सुण्णेरं) है। गीता नाचती है। सीता सावधान होती है (चेअइ)। लड़के शिक्षक की प्रशंसा करते हैं (अहिणंदन्ति)।

बीओ पवाढओ Lesson 2

सर्वनाम (Pronouns) के रूप और प्रयोग

४ संज्ञा के स्थान पर जो आता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। यथा—दीवायणो तत्थ वसइ। सो य अइदुक्करं बालतवमणुचरइ। अर्थात् वहाँ द्वीपायन रहता है और वह अत्यन्त कठोर बालतप करता है। उक्त वाक्य में 'सो' 'दीवायणो' के स्थान पर आया है। वाक्यों में सर्वनाम का प्रयोग करने से वाक्य सुन्दर बन जाते हैं।

५ जिस संज्ञा के स्थान पर या उसके साथ जो सर्वनाम आता है, उसमें उसी के लिङ्ग, वचन होते हैं। यथा—

राम का नौकर क्षत्रियपुत्र था। वह दुर्बल होने पर भी निर्भय था =रामस्स भिच्चो खत्तियपुत्तो अत्थि। सो दुब्बलो वि निब्भओ अत्थि। यहाँ 'खत्तियपुत्त' पुँल्लिङ्ग और एकवचन है, अतः इसके स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला सर्वनाम 'सो' भी पुँल्लिङ्ग और एकवचन है।

६. अनुवाद करने में कर्त्ता के अनुसार क्रिया का वचन और पुरुष होता है। कर्त्ता जब उत्तम पुरुष First person में रहता है तो क्रिया भी उत्तम पुरुष की होती है, कर्त्ता जब मध्यमपुरुष Second person में रहता है, तो क्रिया मध्यम पुरुष की और कर्त्ता जब प्रथम पुरुष Third person में रहता है तो क्रिया प्रथम पुरुष की होती है।

७. 'तुम, और 'मैं' बोधक शब्दों के अतिरिक्त शेष सभी शब्द प्रथम पुरुष Third person होते हैं।

८. शब्दरूपावली के नियमों के आधार पर संस्कृत के समान प्राकृत में सर्वनामों को सर्वादि—सर्व, विश्व, उभय, एक, एकतर; अन्यादि—अन्य, इतर, कतर कतम; यदादि—यद्, तद्, एतद्, किम्; पूर्वादि—पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर, स्व एवं इदमादि—इदम्, अदस्, युष्मद्, अस्मद्, भवत् वर्गों में विभक्त किया जा सकता है।

९. पास की वस्तु या व्यक्ति के लिये इम (इदम्); अधिक पास की वस्तु या व्यक्ति के लिये एअ (एतद्); सामने के दूरवर्ती पदार्थ या व्यक्ति के सम्बन्ध में अमु (अदस्) और परोक्ष—जो वक्ता के सामने नहीं हो, पदार्थ या व्यक्ति के लिए स (तद्) शब्द का व्यवहार किया जाता है।

तीनों लिङ्गों में पुरुषवाचक सर्वनाम तुम्ह (युष्मद्) के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	तुमं, तुं, तुह	तुब्भे, तुज्झ, तुम्ह, तुम्हे
बो०	तुमं, तुमे, तुवे	तुब्भ, तुम्हे
त०	तुमइ, तुमए	तुब्भेहिं, तुम्हेहिं, तुज्मेहिं
च०	तुम्हं, तुज्झ, तुह	तुमाण, तुहाण, तुम्हाण, तुज्झाण
पं०	तुवत्तो, तुमाओ, तुहाओ	तुब्भेहिंतो, तुम्हाहिंतो, तुम्हासुंतो
छ०	तुम्हं, तुज्झ, तुह	तुमाण, तुहाण, तुम्हाण
स०	तुमए, तुहम्मि, तुमम्मि	तुसु, तुमेसु, तुम्हेसु

तीनों लिङ्गों में अम्ह (अस्मद्)—हम

	एकवचन	बहुवचन
प०	हं, अहं, अम्मि	अम्ह, वयं
बी०	अम्मि, अम्ह, ममं	अम्हे, अम्ह
त०	ममए, मए	अम्हेहि, अम्हाहि
च०	मम, महं, मज्झ	अम्हाण, मज्झाण, ममाण
प०	मइत्तो, ममाओ, मज्झाओ	ममाहिंतो, ममेहिंतो, अम्हेहि
छ०	मम, महं, मज्झ	ममाण, मज्झाण, अम्हाण
स०	म , अम्हम्मि, महम्मि	अम्हेसु, ममेसु, मज्झेसु

पुँल्लिङ्ग त (तत्)—वह–प्रथम पुरुष

	एकवचन	बहुवचन
प०	सो, ण	ते, णे
बी०	तं, णं	ते, णे
त०	तेण, णेण	तेहिं, णेहि
च०	तस्स, से	तेसिं, ताणं
प०	तत्तो, ताओ	ताहितो, तेहिंतो, तासुन्तो
छ०	तस्स, से	तेसि, ताणं
स०	तहिं, तम्मि, तस्सि	तेसु, तेसुं

पुँल्लिङ्ग ज (यद्)—जो–सम्बन्धवाचक

(Relative pronoun)

	एकवचन	बहुवचन
प०	जो	जे
बी०	जं	जे
त०	जेण	जेहि-हिं-हिं
च०	जस्स	जाण णं
प०	जम्हा, जत्तो, जाओ	जाहिंतो, जेहिंतो, जासुंतो
छ०	जस्स	जाण–णं
स०	जम्मि, जस्सि	जेसु

पुँल्लिङ्ग क (किम्)—कौन प्रश्नवाचक
(Interogative pronoun)

	एकवचन	बहुवचन
प०	को	के
बी०	कं	के
त०	केण	केहि-हिं-हिँ
च०	कस्स	काण, केसिं
पं०	किणो, कत्तो	काहिंतो, कासुंतो
छ०	कस्स	केसिं, काण
स०	कम्मि, कस्सिं	केसु

पुँल्लिङ्ग एत, एअ (एतद्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	एसो, एस	एते, एए
बी०	एतं, एअं	एते, एआ
त०	एतेण, एएण	एतेहि, एएहिं
च०	एतस्स, एअस्स	एतेसिं, एताणं
पं०	एत्तो, एअत्तो, एआओ	एताहिंतो, एआसुंतो
छ०	एतस्स, एअस्स	एतेसिं, एताणं
स०	एतम्मि, एअम्मि, एअस्सिं	एएसु

पुँल्लिङ्ग इम (इदम्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	अयं, इमो	इमे
बी०	इमं, इणं	इमे
त०	इमिणा, णेण	इमेहि, णेहि
च०	अस्स, इमस्स	इमेसिं, इमाणं
पं०	इमत्तो, इमाओ	इमाहिंतो, इमासुंतो
छ०	अस्स, इमस्स	इमेसिं, इमाणं
स०	अस्सिं, इमम्मि	इमेसु, एसु

पुँल्लिङ्ग अमु (अदस्)—वह, अमुक

	एकवचन	बहुवचन
प०	अमू	अमुणो, अमू
बी०	अमुं	अमुणो, अमू
त०	अमुणा	अमुहि-हिं-हिँ
च०	अमुणो, अमुस्स	अमूण-णं
पं०	अमुत्तो, अमुणो	अमूहिंतो, अमूसुंतो
छ०	अमुणो, अमुस्स	अमूण-णं
स०	अमुम्मि	अमूसु-सुं

पुँल्लिङ्ग सव्व (सर्व)—सभी, सब

	एकवचन	बहुवचन
प०	सव्वो	सव्वे
बी०	सव्वं	सव्वे
त०	सव्वेण	सव्वेहिं
च०	सव्वाय, सव्वस्स	सव्वेसिं, सव्वाणं
पं०	सव्वत्तो, सव्वाओ	सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो
छ०	सव्वस्स	सव्वेसिं, सव्वाणं
स०	सव्वम्मि, सव्वस्सिं	सव्वेसु

पुँल्लिङ्ग अन्न (अन्य)—दूसरा

	एकवचन	बहुवचन
प०	अन्नो	अन्ने
बी०	अन्नं	अन्ने
त०	अन्नेण	अन्नेहि-हिं-हिँ
च०	अन्नाय, अन्नस्स	अन्नेसि, अन्नाणं
पं०	अन्नत्तो, अन्नाओ	अन्नाहिंतो, अन्नासुंतो
छ०	अन्नस्स	अन्नेसिं, अन्नाणं
स०	अन्नम्मि, अन्नस्सिं	अन्नेसु

पुँल्लिङ्ग—पुव्व, पुरिम (पूर्व)

	एकवचन	बहुवचन
प०	पुव्वो, पुरिमो	पुव्वे, पुरिमे
बी०	पुव्वं, पुरिमं	पुव्वे, पुरिमे

	एकवचन	बहुवचन
त०	पुव्वेण, पुरिमेण	पुव्वेहिं, पुरिमेहिं
च०	पुव्वाय, पुव्वस्स, पुरिमस्स	पुव्वाणं, पुरिमाणं
पं०	पुव्वत्तो, पुरिमत्तो	पुव्वाहिंतो, पुरिमाहिंतो
छ०	पुव्वस्स, पुरिमस्स	पुव्वाणं, पुरिमाण
स०	पुव्वम्मि, पुरिमम्मि	पुव्वेसु, पुरिमेसु

स्त्रीलिङ्ग सा (तद्)—वह

	एकवचन	बहुवचन
प०	सा, णा	तीआ, ताओ
बी०	तं, णं	तीआ, ताओ
त०	तीआ, तीए, तीइ, णाए	तीहि, ताहिं
च०	तीसे, तीइ, तीए, ताए	ताणं, तेसिं
पं०	तीए, ताए	तीहिंतो, तासुंतो
छ०	तिस्सा, तीए	ताणं, तेसिं
स०	तीअ, तीए, ताए	तीसु, तासु

स्त्रीलिङ्ग जा (यद्)—जो

	एकवचन	बहुवचन
प०	जा	जाओ, जीओ
बी०	जं	जाओ, जीओ
त०	जीआ, जीए	जीहि, जाहिं
च०	जिस्सा, जीए	जेसिं, जाण
पं०	जीए, जित्तो	जिहिंतो, जासुंतो
छ०	जिस्सा, जीए	जेसिं, जाणं
स०	जीए, जाए	जीसु, जासु

स्त्रीलिङ्ग एई, एआ (एतद्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	एसा	एईआ, एआ, एई
बी०	एइं, एअं	एईआ, एआउ
त०	एआए, एईए	एआहि, एईहि·हिं
च०	एईअ, एआऊ	एईणं, एआणं
पं०	एअत्तो, एईअ	एआहिंतो, एआसुंतो
छ०	एईअ, एआअ	एईण, एआण·णं
स०	एईअ, एआअ	एआसु, एईसु

स्त्रीलिङ्ग इमी, इमा (इदम्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	इमी, इमा	इमाओ, इमीओ
बी०	इमिं, इमं	इमीओ, इमाओ
त०	इमीअ, इमाए	इमीहि, इमाहिं
च०	इमीअ, इमाअ	इमीण, इमाण-णं
पं०	इमीअ, इमाओ, इमत्तो	इमाहिंतो, इमासुंतो
छ०	इमीए, इमीअ	इमीण, इमाणं
स०	इमीए, इमाए	इमीसु, इमासु

स्त्रीलिङ्ग अमु (अदस्)—वह, अमुक

	एकवचन	बहुवचन
प०	अमू	अमूओ
बी०	अमुं	अमूओ
त०	अमूए	अमूहि-हिं
च०	अमूए	अमूण
पं०	अमूए, अमुत्तो	अमूहिंतो, अमूसुंतो
छ०	अमूए, अमूअ	अमूण णं
स०	अमूए, अमूअ	अमूसु

नपुंसकलिङ्ग त (तद्)—वह

	एकवचन	बहुवचन
प०	तं	ताइं, ताणि
बी०	तं	ताइं, ताणि

शेष शब्दरूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं।

नपुंसकलिङ्ग ज (यद्)—जो

	एकवचन	बहुवचन
प०	जं	जाइं, जाणि
बी०	जं	जाइं, जाणि

शेष शब्दरूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं।

नपुंसकलिङ्ग (किम्)—कौन

	एकवचन	बहुवचन
प०	किं	काइं, काणि
बी०	किं	काइं, काणि

शेष रूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं ।

नपुंसकलिङ्ग एअ (एतद्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	एअं, इणं	एआइं, एआइँ, एआणि
बी०	एअं, इणं	एआइं, एआइँ, एआणि

शेषरूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं ।

नपुंसकलिङ्ग अमु (अदस्)—वह, अमुक

	एकवचन	बहुवचन
प०	अमुं	अमूइं, अमूणि
बी०	अमुं	अमूइं, अमूणि

शेष रूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं ।

इम (इदम्)—यह

	एकवचन	बहुवचन
प०	इदं, इणं	इमाइं, इमाणि
बी०	इदं, इणं	इमाइं, इमाणि

उदाहरण वाक्य

यह बोलता है = अयं बोल्लइ; इमो बोल्लइ । यह हँसता है = इमो हसइ । वह जाता है = सो गच्छइ । ये जाते हैं = एते गच्छन्ति । ये नमस्कार करते हैं = इमे णमन्ति । यह देव को नमस्कार करता है = इमो देवं णमइ । ये महादेव को नमस्कार करते हैं = इमे महादेवं णमन्ति । यह भात खाता है = इमो भत्तं खादइ, भुंजइ वा । वह सोना चुराता है = सो सुवण्णं चोरेइ । ये मैदान में दौड़ते हैं = एते खेत्ते धावन्ति । वे पाठ लिखते हैं = ते पाढं लिखन्ति । वे घर को जाते हैं = अमुणो गिहं गच्छन्ति । वे लोग मित्र की निन्दा करते हैं = ते जणा मित्तं पगंथन्ति । ये उसका विश्वास करते हैं = एते तं पत्ताअन्ति । वे उसको धिक्कारते हैं = ते तं

धिक्कारन्ति। वे गन्ने का आस्वादन करते हैं=ते उच्छुं पओगिलन्ति। वे लोग विद्यालय जाते हैं=ते विज्जालयं गच्छन्ति।

राम इनसे धन लेता है = रामो इमत्तो धणं गेण्हइ।
इनसे पुस्तक लेता है = इमाहिंतो पोत्थयं गेण्हइ।
इसका घर बाजार में है = अस्स गिहं आवणे अत्थि।
इसके द्वारा कार्य होता है = इमिणा कज्जं हवइ।
इनके द्वारा सहायता मिलती है = इमेहिं साहज्जं मिलइ।
वह इनके हाथ से पुस्तक लेता है = सो इमाण हत्थत्तो पोत्थयं गेण्हइ।
उनके आदमी श्याम को ठगते हैं = तेसिं जण सामं पतारन्ति।
उसकी पत्नी आटा पीसती है = तस्स भज्जा चुण्णं पीसइ।
उनपर उनका कर्ज है = अमूसु ताणं रिणं अत्थि।
उससे प्रश्न पूछता है = अमुत्तो पण्हं पुच्छइ।
वह रथ मे घोड़े जोड़ता है = सो रहम्मि अस्सा पउंजइ।
इनसे मोहन ऋण मांगता है = एताहिंतो मोहणो रिणं मग्गइ।
वह हँसता है = सो हसइ।
वह घर में रहता है = सो गिहे वसइ।
वे हँसते हैं = ते हसेइरे।
वे काम करते हैं = ते कज्जं करन्ति।
तुम बोलते हो = तुमं भणसि।
तुम चलते हो = तुमं चलसि।
तुम जाते हो = तुमं गच्छसि।
तुम पुस्तक पढ़ते हो = तुमं पोत्थयं पढसि।
तुम पढ़ने में प्रवृत्ति करते हो = तुमं अज्झयणे पउत्तसि।
तुम घर को वापस जाते हो = तुमं गिहं पडिवच्चसि।
तुम राम को देखते हो = तुमं रामं पेच्छसि।
तुम क्रोध करते हो = तुमं कुज्झसि।
तुम नौकर को भेजते हो = तुमं भिच्चं पेससि।
तुम जल पीते हो = तुमं जलं पिबसि।
तुम भात खाते हो = तुमं भत्तं भुंजसि।
तुम मोहन को धिक्कारते हो = तुमं मोहणं धिक्कारसि।
तुम मोहन को जानते हो = तुमं मोहणं जाणसि।
तुम पटना जाते हो = तुमं पाडलिपुत्तं गच्छसि।
तुम चने भूँजते हो = तुमं चणआ भंजसि।

तुम दीपक बुझाते हो	=	तुमं दीवं णिव्वयसि ।
तुम भूमि पर बैठते हो	=	तुमं भूमीए णिमीअसि ।
तुम मोहन का धन लेते हो	=	तुमं मोहणस्स धणं गेण्हसि ।
वह तुम्हारा सच्चा मित्र है	=	सो तुम्हाणं सच्चं मित्तं अत्थि ।
तुम्हारा पुत्र कहाँ रहता है	=	तुज्झ पुत्तो कहिं वसइ।
तुम कहाँ से आते हो	=	तुमं कओ आगच्छसि ।
तुम क्या करते हो	=	तुमं किं करेसि ।
तुम्हारी पुस्तक में क्या लिखा है	=	तुज्झ पोत्थयम्मि किं लिखियं अत्थि ।
तुमसे राम धन लेता है	=	तुवत्तो रामो धणं गेण्हइ ।
तुम तीर्थंकर को नमस्कार करते हो	=	तुमं तित्थयरं पणमसि ।
राम तुमको घड़ा देता है	=	रामो तुम्हं घडं देइ ।
तुम्हारा कोई भी दोष नहीं है	=	तुज्झ किमवि अवराहो णत्थि ।
तुम इसी तरह कहते हो	=	तुमं एवमेव कहसि ।
तुम नीचे जाते हो	=	तुमं अहो गच्छसि ।
तुम यहीं पर रहते हो	=	तुमं इह एव णिवससि ।
तुम उत्तर से आते हो	=	तुमं उत्तरओ आगच्छसि ।
तुम सभी लोग पढ़ते हो	=	तुम्ह पढित्था ।
तुम लोग कहते हो	=	तुम्हे कहह ।
तुम लोग जानते हो	=	तुम्हे जाणह ।
तुम लोग डरते हो	=	तुम्ह बीहित्था ।
तुम कहते हो	=	तुम्हे भणित्था ।
तुम लोग जल पीते हो	=	तुम्हे जलं पिवह ।
तुम लोग काम करते हो	=	तुम्हे कज्जं करित्था ।
तुम लोग वृक्ष पर से गिरते हो	=	तुम्हे रुक्खत्तो पडह ।
तुम लोग कुँए से पानी भरते हो	=	तुम्हे कूवत्तो जलं भरित्था ।
तुम लोग रास्ते में थूकते हो	=	तुब्भे पहम्मि थुकेज्ज ।
तुम लोग प्रातःकाल जागते हो	=	तुब्भे पच्चूसे पडिबोहित्था ।
तुम लोग बर्तन को ढकते हो	=	तुम्हे पत्तं पिधित्था ।
तुम लोग नगरी का त्याग करते हो	=	तुम्हे णयरं पजहित्था ।
मैं बोलता हूँ	=	अहं बोल्लामि ।
मैं हँसता हूँ	=	अहं हसेमि या अहं हसामि ।
मैं भ्रमण करता हूँ	=	अहं भमेमि ।
मैं खाता हूँ	=	अहं जेममि ।

मैं नमस्कार करता हूँ	=	अहं नमामि ।
मैं जल पीता हूँ	=	हं जलं पिज्जेमि ।
मैं रहता हूँ	=	हं वसामि ।
मैं धान कूटता हूँ	=	हं धण्णं कुट्टेमि ।
मैं जल की तलाश करता हूँ	=	हं जलं गवेसामि ।
मैं पाप से घृणा करता हूँ	=	हं पावं गरहेमि ।
मैं वस्त्र धारण करता हूँ	=	हं वत्थं धारेमि ।
मैं पुस्तक पढ़ता हूँ	=	हं पोत्थयं पढामि ।
मैं नगर को देखता हूँ	=	हं णयरं पेच्छामि ।
मैं उसको धिक्कारता हूँ	=	हं तं धिक्कारेमि ।
हम लोग पढ़ते हैं	=	अम्हे पढामो ।
हम लोग भ्रमण करते हैं	=	अम्हे भमामो ।
हम लोग कहते हैं	=	अम्हे भणामो ।
हम लोग डरते हैं	=	अम्हे बीहामो ।
हम लोग आस्वादन करते हैं	=	अम्हे पच्चोगिलिमु ।
हम लोग उसको जानते हैं	=	अम्हे तं जाणिम ।
मैं तुमको जानता हूँ	=	हं तुमं जाणेमि ।
हम लोग कपड़े धोते हैं	=	अम्हे वत्थपक्खालणं करामो ।
हम लोग विद्यालय में जाते हैं,	=	अम्हे विज्जालयम्मि गच्छामो ।
यहीं पर हम लोग रहते हैं	=	एत्थमेव अम्हे णिवसामो ।
इस समय हम लोग जाते हैं	=	इयाणिं अम्हे गच्छामो ।
निश्चय ही हम लोग पढ़ते हैं	=	णूणमेव अम्हे पढामो ।
हम लोग अन्य लोगों का अनुकरण करते हैं	=	अम्हे अण्णा अणुहरामो ।
हम लोग पत्र लिखते हैं	=	अम्हे पत्तं लिखामो ।
हम लोग भोजन करते हैं	=	अम्हे भोयणं करामो ।
हम लोग देवता को नमस्कार करते हैं	=	अम्हे देवं णमामो ।
हम लोग राजा से धन माँगते हैं	=	अम्हे राइण्णो धनं मग्गामो ।
हम लोग दिल्ली जाते हैं	=	अम्हे दिल्ली णयरं गच्छामो ।
वह तुमको धन देता है	=	सो तुज्झ धणं देइ ।
हम सब यह कार्य करते हैं	=	अम्हे इदं कज्जं करामो ।
तुम लोग क्यों नहीं पढ़ते	=	तुम्हे कहं ण पढित्था ।

हम लोग मन लगाकर पढ़ते हैं = अम्हे मणेण पढामो ।
मैं वाराणसी में पढ़ता हूँ = हं वाराणसिं पढामो ।
हम लोग यह जानना चाहते हैं = अम्हे इदं जाणिउं इच्छामो ।
क्या तुम यहाँ ठहरना चाहते हो = अवि तुमं एत्थ ठाउं इच्छसि ।
आप लोग क्या लेना चाहते हैं = भवन्ता किं गेण्हिउं इच्छन्ति ।
हम लोग नदी तैर सकते हैं = अम्हे नइं तरिउं सक्केमो ।
उसे कोई नहीं मार सकता = ण कोवि तं हणिउं समत्थो ।

शब्दकोषः

ओष्ठ = उट्ठो
झोपडी = उडवं
मकड़ी = उण्णनाहो
दुपट्टा = उत्तरिज्जं
पानी = उदयं
निर्माल्य = उम्मालं
पानी की तरंग = उल्लोलो
कपड़े की चाँदनी = उल्लोओ
झरना = ओज्झरं
कपट = कइअवं
कैलास पर्वत = कइलासो
बन्दर = कइ
कठोर = कक्कसो
कछुआ = कच्छहो, कमढो
कामदेव = कंदप्पो
कपूर = कप्पूरो
नख = कररुहो
तलवार = करवालं
ऊंट = करहो
हाथी = करि, करेणु
हथिनी = करिणी, करेणुआ
कदम्ब का वृक्ष = कलंबो
गौरैया पक्षी = कलविंको
घड़ा = कलसो
हाथी का बच्चा = कलहो
समूह = कलावो
कुत्ता = कविलो
गाल = कवोलो
मांस खानेवाला राक्षस = कव्वायो
कृष्णपक्ष = कसणपक्खो
काला = कसिणो
शरीर = कायो
बलरहित, निर्बल = अबलो, निब्बलो
आग्रह = अभिणिवेसो
अमृत = अमयो
अहीर = अहिरो
धनी = इब्भो, धणी
चाबुक = कसो
कहार = काहारो
गेंद = किंदुओ
जुआरी = कितवो
संसर्ग = संसग्ग
उत्सुकता = कुऊहलं
कुत्ता = कुक्कुरो
निकुञ्ज = कुडंगो
कुदारी = कुद्दालो
वृद्ध = वुड्ढो
खाली करना = खिलीकरणं

क्षीर-दूध = खीरं
वामन = खुज्जो
खलासी = खुल्लासयो
ऐरावत हाथी = गइंदो
गाँठ = गंठि
पाकिटमार = छेओ
ग्रन्थ = गंथो
गधा = गद्दहो
गर्भ = गब्भो
रोग = गयो
गरिष्ठ = गरिट्ठो
गवैया = गाइरो
घर = गेहं
ग्वाला = गोवालो
घर = घरो
चतुर = चउरो
यक्ष = जक्खो

धातुकोषः

खींचता है = करिसइ
रूठता है = रूसइ
चुनता है = चिणइ
फोड़ता है = फुडइ
बन्द होता है = निमीलइ
घूमता है = अट्टइ
सकता है = सकइ
क्रोध करता है = कुप्पइ
सम्पन्न होता है = संपज्जइ
खिन्न होता है = खिज्जइ
बरसता है = वरिसइ
सरकता है = सरइ
पकड़ता है = धरइ
मरता है = मरइ
तैरता है = तरइ
सींचता है = सिंचइ
चुराता है = मुसइ
रोकता है = रुणइ
उल्लंघन करता है = अइइ
अतिक्रमण करता है = अइक्कमइ
जाता है, गमन करता है = अइगच्छइ
स्वीकार करता है = अंगीकरइ
पूजता है = अंचइ, अच्चइ
आक्रमण करता है = अक्कमइ
गाली देता है = अक्कोसइ
फेंकता है = अक्खिवइ
शोभता है, योग्य होता है = आलइ
प्रशंसा करता है = अच्चीकरइ
मार्जन करता है, साफ सुथरा-
करता है = पमज्जइ
प्रमाणित करता है = पमाइ
प्रार्थना करता है = पत्थइ
थकता है = थक्कइ
पैदा करता है = अज्जइ
दया करता है = अणुकंपइ
खींचता है = अणुकड्ढइ
नकल करता है = अणुकरइ
भक्षण करता है = अणुगिलइ
कृपा करता है = अणुग्गइ
सेवा करता है = अणुचरइ
बैठता है = अच्छइ
फड़कता है = फुरइ।
बांधता है = बंधइ
पोषण करता है = बिंहइ

भयभीत होता है = बीहइ	प्रकट करता है = पागडइ
भूंकता है = बुक्कइ	पहुँचता है = पहुच्चइ
विरोध करता है = बाहइ	भागता है = पलायइ
फिसलता है = फेल्लुसइ	पहिरता है = परिहइ
छूता है = फरिसइ	स्तुति करता है = थुइ
फटता है = फट्टइ	लपेटता है = परिआलइ
उछलता है = फंफइ	मुरझाता है = पमिलायइ
पुष्ट होता है = पोसइ	भूल जाता है = पम्हअइ
रुई धुनता है = पिंजइ	बिछाता है = पत्थरइ
पालन करता है = पालइ	प्रतिघात करता है = पडिहणइ
आरम्भ करता है = आरंभइ, पारंभइ	गीला करता है = थिमइ

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

यह उसका घर है। उसके यहाँ चावल नहीं है। उनके घर में कौन रहता है। उनका पत्र कब आया है। वह कहाँ रहता है। उसका स्वभाव कैसा है। वह क्या कार्य करता है। उसका घर कहाँ पर है। उनके कितने पुत्र हैं। उनके घर में तुम कब जाते हो। मैं पटना जाता हूँ। तुम वाराणसी जाते हो। उस राजा के राजपुत्र हैं। उसके यहाँ मैं रहता हूँ। मेरा उसके साथ अच्छा सम्बन्ध है। रामदास उसका छोटा भाई है। मोहन उसका बड़ा भाई है। मेरा घर कानपुर है। तुम्हारा घर पटना है। वाराणसी में मेरा भाई रहता है। तुम्हारी परीक्षा कब है। हम लोग सब बातों को जानते हैं। वह जल पीता है। मैं दूध पीता हूँ। उनकी लड़की जैन बाला-विश्राम में पढ़ती है। मैं पुस्तक लिखता हूँ। उनका अध्ययन अच्छा है। वह अध्यापक है। भारतमाता सबकी पूज्य है। मैं दूसरों के साथ रहता हूँ। उसकी तीन कन्याएँ है।

वह देव की वंदना करता है। मैं पुस्तक पढ़ता हूँ। हम लोग नाटक देखते हैं। वह इनसे धन लेता है। इसके द्वारा कार्य होता है। उसकी लड़की आटा पीसती है। मेरा लड़का लिखता है। तुम लोग पुस्तक लेते हो। तुम लोग ध्यान देते हो। हम लोग भी काम करते हैं। मेरा साथी पढ़ता है। उन पर उनका कर्ज है। उस नगर की अवस्था अच्छी नहीं है। अरे मित्र देखो। वे लोग घर में रहते हैं। तुम लोग झोपड़ी में रहते हो। तुम लोग बोलते हो। हम लोग परिश्रम करते हैं। वे तुम्हारे सच्चे मित्र हैं। वह हमारा मित्र है। तुम समय पर काम करते हो। तुम इसी तरह कहते हो।

तुम पेड़ के नीचे रहते हो। हम लोग यहीं पर रहते हैं। मैं राम को देखता हूँ। मैं दीपावली पर घर आया हूँ। तुम चलते हो। तुम लोग ऊपर से आते हो। हम लोग नौकर को भेजते हैं। तुम्हारा दुपट्टा अच्छा है। तुम झरना देखते हो। तुम कपड़े की चाँदनी लगाते हो। तुम बन्दर नचाते हो। तुम निकुञ्ज में रहते हो। तुम्हारा कपटाचार अच्छा नहीं है। तुम्हारा हाथी जाता है। तुम्हारे खेत में कदम्ब का पेड़ है। तुमने गौरैया पक्षी पाला है। तुम गरिष्ठ भोजन करते हो। हम लोगों के घर में यक्ष रहता है। वह बूढ़ा आदमी तुम्हारी प्रशंसा करता है। वह काला आदमी ग्रन्थ लिखता है। वह कर्पूर जैसा सफेद है। वह कछुआ भी तुम्हारे साथ चलता है। मैं कृष्णपक्ष में पढ़ता हूँ। तुम प्रतिदिन पढ़ते हो। वह गवैया मेरा भाई है। तुम्हारी वाणी कर्कश है। तुम्हारी चादर में गांठ है। वह पाकिटमार तुम्हारा धन लेता है। तुम्हारा पुत्र निर्बल है। मेरा भाई दूध पीता है। उसके यहाँ गधा रहता है।

Exercise अब्भासो

Translate into Hindi हिन्दीभासाए अणुवायं कुणन्तु

तत्थ य वाराणसी णाम णयरी। तत्थ एगो रिद्धि-धणसमिद्धो णरिंदो वसइ। तया एगेण मन्तिणा भणियं। हत्थिणाउरे सूरनामा रायपुत्रो परिवसइ। सो वरो मोयणं कुणन्तो उट्ठिउं लग्गो। तया रण्णी दासिं पुच्छइ। तया महिसी कुंभगारिं नियसहिं पुच्छइ, पहाणो नरिंदं पुच्छइ—'एत्थ को मच्चुं पाविओ'। सच्चं कहेसु एअस्स कारणं। एगसरिसी अवत्था कस्स होइ। तेण मए कहियं एगा थाली नाथि। तओ किंकरेण सव्वाओ गणिआओ। सव्वेसुं धम्मेसु जत्थ पाणाइवाओ न विज्जइ, सो धम्मो सोहणो होइ। विसया न उवसमन्ते। पच्चूसे सो उज्जाणं जाइ। वुड्ढत्तणे वि मूढाणं नराणं णाणं न होइ। तस्स उज्जाणे पुप्फाणि सन्ति। अवि कुसलं सिंधुणाहस्स। जं देवो आणवेदि। कस्स णट्टणं होइ। अअं अवसरो अम्हाणं पओअ-त्तिण्णाणं दंसिदुं। मोहणो मिच्छा तं कुज्झइ। तुमं इदं जाणासि ण वा। पावाणं कम्माणं खयाए सो काउस्सग्गं करइ। मज्जम्मि मंसम्मि य पसत्ता मणुसा निरयं वच्चन्ति। परोवयारो पुण्णाय, पावाय अन्नस्स पीलणं। किं वि अच्छारिअं सुणादु भावो। मूढो हं तत्तो कत्थ गच्छामि, कहिं चिट्ठमि, कस्स कहेमि, कस्स रूसेमि। कासी-नयरी-नरेसो एसो दढभुयबलो नाम। वरसु इमं जइ गंगं महसि दट्ठुं। जीवा पावेहिं कज्जेहिं निरयंसि गच्छन्ति। चंदेसु निम्मलयरा तित्थयरा हुंति। जरिसो जणो होइ तस्स मित्तो वि तारिसो विज्जइ। मइरामउम्मत्ती नच्चइ, गायइ, पहसइ, पणमइ, परिचयइ वत्थं वि। तत्थ

य अन्नया कयाइ नडो आगओ। सो य तस्स पुत्तो नडसमीवं नडो जाओ। नंदपुरम्मि वसुभूई नाम बंभणो परिवसइ। सो अज्झावओ अत्थि। सा मम मोत्तुं कत्थ गया। तुमं एयस्स परिक्खणं करेज्जासि। अहं नयरं गच्छामि चंदग्गहणं भविस्सइ। एवं वइत्ता गओ सो। न य करे वयतं-दुलाइं अत्थि। तइयाए धूयाए पुणो भणियं। तओ तस्स जामाउयस्स समीवं गंतूण माऊए भणियं। सो जंपइ—अम्ह वि एस कुलधम्मो। तस्स सुद्दा महिला लीलानिलओ। तेसिं य तिन्नि धूया जाया। ता गउरव-पयं न होंति। भो वयस्स पेक्ख। सो अट्ठवरिसो जाओ। एत्थंतरे तत्थागयं मुणिजुयलं। इमो बालओ एयस्स घरस्स सामी अत्थि। जं तुमं भणसि तं हं करेमि। सो धीवरो दीणारं लहित्ता चिंतेइ।

तइओ पवाढओ Lesson 3

इकारान्त और उकारान्त शब्दों के रूप और प्रयोग

९. इकारान्त और उकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों में प्रथमा के एकवचन और बहुवचन में, तृतीया, चतुर्थी और पञ्चमी के बहुवचन में अन्त के इकार और उकार को दीर्घ हो जाता है।

१०. प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में ओ और णो आदेश होता है।

११. इकारान्त और उकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों में तृतीया विभक्ति के एकवचन में णा आदेश होता है।

पुँल्लिङ्ग इकारान्त हरि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	हरी	हरओ, हरिणो
बी०	हरिं	हरिणो, हरी
त०	हरिणा	हरीहिं
च०	हरिणो, हरिस्स	हरीण, हरीणं
पं०	हरिणो, हरित्तो	हरीहिंतो, हरीसुंतो
छ०	हरिणो, हरिस्स	हरीण, हरीणं
स०	हरिम्मि, हरिंसि	हरीसु, हरीसुं
सं०	हरी	हरओ, हरिणो

पुँल्लिङ्ग इकारान्त णरवइ—नरपति शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	णरवई	णरवओ, णरवइणो
बी०	णरवइं	णरवइणो, णरवई
त०	णरवइणा	णरवईहिं
च०	णरवइणो, णरवइस्स	णरवईण, णरवईणं
पं०	णरवइणो, णरवइत्तो	णरवईहिंतो, णरवईसुंतो
छ०	णरवइणो, णरवइस्स	णरवईण, णरवईणं
स०	णरवइम्मि, णरवइंसि	णरवईसु-सुं

पुँल्लिङ्ग इकारान्त इसी–रिसी (ऋषि) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प०	इसी	इसओ, इसिणो
बी०	इसिं	इसिणो, इसी
त०	इसिणा	इसीहिं
च०	इसिणो, इसिस्स	इसीण–णं
प०	इसिणो, इसित्तो	इसीहिंतो, इसीसुंतो
छ०	इसिणो, इसिस्स	इसीण–णं
स०	इसिम्मि, इसिंसि	इसीसु–सुं

पुँल्लिङ्ग इकारान्त अग्गि (अग्नि) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	अग्गी	अग्गओ, अग्गिणो
बी०	अग्गिं	अग्गिणो, अग्गी
त०	अग्गिणा	अग्गीहिं
च०	अग्गिणो, अग्गिस्स	अग्गीण–णं
प०	अग्गिणो, अग्गित्तो	अग्गीहिंतो, अग्गिसुंतो
छ०	अग्गिणो, अग्गिस्स	अग्गीण–णं
स०	अग्गिम्मि, अग्गिसि	अग्गीसु, अग्गीसुं

इसी प्रकार मुणि (मुनि), बोहि (बोधि), संधि, रासि (राशि), रत्ति, कइ (कवि), कवि (कपि), अरि, तिमि; समाहि (समाधि), निहि (निधि), विहि (विधि), दंडि (दण्डिन), करि (करिन्), तवस्सि (तपस्विन), पाणि (प्राणिन), पहि (प्रधी), सुहि (सुधी) आदि शब्दों के रूप होते हैं।

पुँल्लिङ्ग उकारान्त भाणु (भानु) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प०	भाणू	भाणुणो, भाणओ
बी०	भाणुं	भाणुणो, भाणू
त०	भाणुणा	भाणूहिं
च०	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण–णं
प०	भाणुणो, भाणुत्तो	भाणूहिंतो, भाणूसुंतो
छ०	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण–णं
स०	भाणुम्मि, भाणुंसि	भाणूसु, भाणूसुं

पुँल्लिङ्ग उकारान्त वाउ (वायु) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	वाऊ	वाउणो, वाउओ
बी०	वाउं	वाउणो, वाऊ
त०	वाउणा	वाऊहिं
च०	वाउणो, वाउस्स	वाऊण—णं
पं०	वाउणो, वाउत्तो	वाऊहिंतो, वाऊसुंतो
छ०	वाउणो, वाउस्स	वाऊण-वाऊणं
स०	वाउम्मि, वाउंसि	वाऊसु, वाऊसुं

इसी प्रकार जउ (यदु), धम्मण्णु (धर्मज्ञ), सव्वण्णु (सर्वज्ञ), दइवण्णु (दैवज्ञ), गउ (गो), गुरु, साहु (साधु), वउ (वपुष्) मेरु, कारु, धणु (धनुष्), सिन्धु, केउ (केतु), विज्जु (विद्युत्), राहु, संकु (शङ्कु), उच्छु (इक्षु), पवासु (प्रवासिन्), वेलु (वेणु), सेउ (सेतु), मच्चु (मृत्यु), खलपु (खलपू), गोत्तभु (गोत्रभू), सरभु (शरभू), अभिभु (अभिभू) और सयंभु (स्वयंभू) आदि शब्दों के रूप होते हैं। प्राकृत में खलपू, गोत्तभू, सरभू, अभिभू और सयंभू शब्द विकल्प से ह्रस्व उकारान्त होते हैं। अतः इन शब्दों के रूप वाउ के समान बनते हैं।

१२. ईकारान्त और ऊकारान्त शब्दों के रूप इकारान्त और उकारान्त शब्दों के समान होते हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने दीर्घ—ईकार और ऊकार के लिए ह्रस्व—इकार और उकार का नियमन किया है।

पुँल्लिङ्ग दीर्घ ईकारान्त पही (प्रधी) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	पही	पहओ, पहिणो
बी०	पहिं	पहिणो, पही
त०	पहिणा	पहीहिं
च०	पहिणो, पहिस्स	पहीण—णं
पं०	पहिणो, पहिन्तो	पहीहिंतो, पहीसुंतो
छ०	पहिणो, पहिस्स	पहीण—णं
स०	पहिम्मि, पहिंस्सि	पहीसु—सुं

पुँल्लिङ्ग दीर्घ ईकारान्त गामणी (ग्रामणी)

	एकवचन	बहुवचन
प०	गामणी	गामणओ, गामणिणो
बी०	गामणिं	गामणिणो, गामणी
त०	गामणिणा	गामणीहिं
च०	गामणिणो, गामणिस्स	गामणीण-णं
पं	गामणिणो, गामणित्तो	गामणीहिंतो, गामणीसुंतो
छ०	गामणिणो, गामणिस्स	गामणीण-णं
स०	गामणिम्मि, गामणिंसि	गामणीसु-सुं

पुँल्लिङ्ग दीर्घ ऊकारान्त खलपू शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प०	खलपू	खलपवो, खलपओ, खलपुणो
बी०	खलपुं	खलपुणो, खलपू
त०	खलपुणा	खलपूहिं
च०	खलपुणो, खलपुस्स	खलपूण-णं
पं०	खलपुणो, खलपुत्तो	खलपूहिंतो, खलपूसुंतो
छ०	खलपुणो, खलपुस्स	खलपूण-णं
स०	खलपुम्मि, खलपुंसि	खलपूसु-सुं

दीर्घ ऊकारान्त सयंभू (स्वयम्भू-विधाता) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	सयंभू	सयंभओ, सयंभुणो
बी०	सयंभुं	सयंभू, सयंभुणो
त०	सयंभुणा	सयंभूहिं
च०	सयंभुणो, सयंभुस्स	सयंभूण-णं
प०	सयंभुणो, सयंभुत्तो	सयंभूहिंतो, सयंभूसुंतो
छ०	सयंभुणो, सयंभुस्स	सयंभूण-णं
स०	सयंभुम्मि, सयंभुंसि	सयंभूसु-सुं

प्रयोगवाक्य

हरि पढ़ता है = हरी पढइ ।
हरि का घर पटना में है = हरिणो गिहं पडलिउत्ते अत्थि ।
हरि से धन माँगता है = हरित्तो धणं मग्गइ ।
हरि को धन देता है = हरिणो धणं देइ ।
मोहन हरि को गाली देता है = मोहनो हरिं अक्कोसइ ।
वह हरि की तलवार को फेंकता है = सो हरिणो करवालं अक्खिवइ ।
तुम हरि के कमरे को साफ करते हो = तुमं हरिणो कक्खं पमज्जसि ।
मैं हरि से प्रार्थना करता हूँ = अहं हरिणो पत्थेमि या हं हरिं पत्थेमि ।
तुम लोग पहाड़ से गिरते हो = तुम्ह गिरिणो पडित्था ।
तुम पहाड़ पर क्यों रहते हो = तुमं गिरिम्मि कहं णिवससि ।
वह पहाड़ पर कहाँ रहता है = सो गिरिम्मि कत्थ णिवसइ ।
वे पहाड़ से पत्थर लाते हैं = ते गिरित्तो पाहणं नेंति ।
राजा की सेना पहाड़ पर चढ़ती है = णरवइणो सेणा गिरिं आरोहइ ।
राजा के कर्मचारी बाजार जाते हैं = णरवइणो भिच्चा हट्टं गच्छन्ति ।
वे लोग पहाड़ पर रहते हैं = ते जणा गिरिं णिवसन्ति ।
हम लोग हरि की प्रशंसा करते हैं = अम्ह हरिं अच्ची करेमि ।
वे लोग पहाड़ पर पहुँचते हो = ते जणा गिरिं पहुच्चन्ति ।
मुनि लोग पहाड़ पर तपस्या करते हैं=मुणिणो गिरिम्मि तवं करेन्ति ।
ऋषि तुम्हारे घर भोजन करते हैं=इसिणो तुज्झ घरे भोयणं करेन्ति ।
वह ऋषियों से पुस्तक मांगता है = सो इसीहिंतो पोत्थयं मग्गइ ।
वे लोग घर में अग्नि जलाते हैं = ते जणा गिहे अग्गिं पज्जलन्ति ।
अग्नि से स्फुलिङ्ग निकलते हैं = अग्गित्तो फुल्लिगा निक्कसन्ति ।
वे लोग सूर्य को देखते हैं = ते जणा सुज्जं पेच्छन्ति ।
हवा चलती है = वाऊ वहइ ।
हम लोग ऋषियों की प्रशंसा करते हैं = अम्ह इसीणं पसंसणं करिमो ।
हम लोग ऋषियों के लिए आसन बिछाते हैं = अम्ह इसीणं आसणं पत्थरिमो ।
बुद्धिमान् व्यक्ति पाप से भागते हैं = पहिणो पावत्तो पलायन्ति ।
तुम लोग पहाड़ से फिसलते हो = तुमं गिरित्तो फेल्लुसित्था ।
मैं मुनियों की पूजा करता हूँ = हं मुणिणो अंचेमि, अच्चेमि वा ।
मैं प्रमाणित करता हूँ = हं पमामि ।
वे लोग मुनियों की स्तुति करते हैं = ते मुणिणो थुवन्ति ।

वायु में चलना संभव नहीं है = वाउम्मि गमणं संहवं णत्थि ।
तुम लोग ऋषियों को भूल जाते हो = तुम्ह इसिणो पम्हुसत्था ।
वे लोग मुनियों की सेवा करते हैं = ते मुणिणो अणुचरन्ति ।
वे लोग धनुष खींचते हैं = ते धणुं अणुकड्ढन्ति ।
ऋषि लोग प्राणियों पर दया करते हैं = इसिणो जीवेसु दयां कुणन्ति ।
मृत्यु को जानकर वह दुःखी होता है = मच्चुं णात्वा सो दुही होइ ।
विधाता सृष्टि का पालन करता है = सयंभू सिट्ठिं पालइ ।
मैं शीघ्र भूलता हूँ = हं सिग्घं पम्हुसमि ।
उस नगर में ऋषि रहते हैं = तम्मि णयरे इसिणो णिवसन्ति ।
वे सर्वज्ञ की स्तुति करते हैं = ते सव्वण्णुं पत्थेंति ।
हम लोग बांध बांधते हैं = अम्हे बांधं बंधिमो ।
उन ऋषियों के फूल मुरझाते हैं=ताणं इसीणं फुल्लाणि पमिलायन्ति ।
तुम गुरु के पास से पुस्तक लाते हो=तुमं गुरुणो समीवत्तो पोत्थयं नेसि ।
किस ऋषि ने यह काम किया है = केण इसिणा इदं कज्जं कयं ।
कौन व्यक्ति मुनियों के पास पढ़ता है=को पुरिसो मुणिणो समीवं पढइ ।
ऋषि लोग ग्रंथों का स्वाध्याय करते हैं = इसिणो गंथाणं सज्झायं कुणन्ति ।

किन के द्वारा यह कार्य हुआ है = केहि इदं कज्जं कयं ।
गाँव का मुखिया तुम्हारी निन्दा करता है = गामणी तुम्हं पगंथइ ।
प्रवासी अपने गाँव को जाता है = पवासु णियगामं गच्छइ ।
वे लोग गन्ना खाते हैं = ते जणा उच्छुणो खादन्ति ।
मृत्यु को कौन चाहता है = मच्चुं को अहिलसइ ।
राम समुद्र पर पुल बांधता है = रामो समुद्दोवरि सेउं बंधइ ।
सर्वज्ञ की सभी लोग स्तुति करते हैं = सव्वण्णुं सव्वे थुवन्ति ।
कृतज्ञ व्यक्ति की हम लोग प्रशंसा करते हैं = अम्ह कयण्णुं पसंसिमो ।
कृतज्ञ का व्यवहार अच्छा होता है = कयण्णुणो ववहारं वरं होइ ।
हम लोग सर्वज्ञ को नमस्कार करते हैं = अम्हे सव्वण्णुणो नमामो ।
तुम सूर्य को देखते हो = तुमं भाणुं पेच्छसि ।

उदाहरण वाक्य

तत्थ वसू नाम सत्थवाहो = वहाँ वसु नामक सार्थवाह था ।
तस्स सुन्दरी नाम भारिया = उसकी सुन्दरी नाम की स्त्री थी ।

नहि मरूथलीए कप्पपायवो उट्ठेइ = मरुभूमि में कल्पवृक्ष नहीं उत्पन्न होता है।

भिक्खुगस्स भिक्खं देहि = भिक्षुक को भिक्षा दो।

वेसालिए नयरीए जिणदत्तो सेट्ठी = वैशाली नगरी में जिनदत्त सेठ रहता था।

एयदा गंधहत्थी पाणिए पविट्ठो = एक समय गंधहाथी पानी में प्रविष्ट हुआ।

न जाणइ सो तस्स विसेसं = वह उसकी विशेषताओं को नहीं जानता है।

कयवण्णो एसो जीवो = यह जीव पुण्यात्मा है।

जो एरिसे कुले उववन्नो = जो ऐसे कुल में उत्पन्न हुआ है।

अण्णं चिंतइ हियए = हृदय में अन्य सोचता है।

रयणीए तीए सह पसुत्तो = रात्रि में उसके साथ सोया।

तत्थ बलो नाम राया, रई से देवी = वहाँ बल नाम का राजा था और रति नाम की उसकी पत्नी थी।

तीसे धूया सूरसेणा = उनकी पुत्री शूरसेना थी।

रूवेण जोव्वणेण य उक्किट्ठा = रूप और यौवन में उत्कृष्ट थी।

जहाविहीए वंदिऊण गच्छन्ति इसिणो = यथाविधि वंदना करके ऋषि जाते हैं।

गाओ पुत्तलाहो गामाणिणो = गाँव के मुखिया को पुत्रलाभ हुआ।

पडिबुद्धा पाणिणो इसि-उवएसेण = ऋषि उपदेश से प्राणी प्रतिबुद्ध हुए।

सुमरियं पुव्वभवकयं पहिणा = राहगीर ने पूर्वभवकृतकर्म का स्मरण किया।

लच्छी निय-इच्छाए गच्छइ = लक्ष्मी अपनी इच्छा से जाती है।

संझाए नईतडत्थिए नियपासादे गओ = सन्ध्या समय नदी किनारे स्थित अपने भवन में गया।

सहसा अविआरिअं कज्जं कयं = सहसा बिना विचारे कर्म किया है।

ते अडविं गच्छन्ति = वे वन में जाते हैं।

पुण्णप्पहावेण तस्स असी न चलइ = पुण्य के प्रभाव से उसकी तलवार नहीं चलती है।

तस्स गामणिणो एगो कोढिय पुत्तो अत्थि = उस गाँव के मुखिया का एक कोढ़ी पुत्र था।

सो किवणसेट्ठी तं भूमिघरे रक्खइ = वह कृपण सेठ उसे तलघर में रखता है।

जं भावि तं अन्नहा न होइ = जो होनहार है, वह अन्यथा नहीं होती

कमेण निगामे सव्वे पहिणो आगच्छन्ति = क्रम से अपने ग्राम में पथिक आते हैं।

कुलबहूणं एसो च्चिअ सामी = कुलबन्धुओं के लिए यही स्वामी है।

नरिंदो नियबंधुणा गच्छइ = राजा अपने भाई के साथ जाता है।

जिणदासो आगच्च गामिणं पणमइ = जिनदास आकर गाँवके मुखिया को प्रणाम करता है।

तुं अम्हे किं परिजाणासि = क्या तुम हमको जानते हो।

गिरित्तो बाहिं खन्धावारो अत्थि = पहाड़ से बाहर स्कन्धावार है।

शब्दकोष

अक्खि = नेत्र, आँख
अग्गि = अग्नि
कइ = कवि
केसरि = सिंह
कन्ति = कान्तिमान्
खत्ति = क्षत्रिय
गिरि = पर्वत
गंठि = गाँठ
चक्कवट्टि = चक्रवर्ती
जोगि = योगी
धणि = धनवान , धनिक
मणि = रत्न
मंति = मन्त्री
मुणि = मुनि
मुरारि = कृष्ण
रस्सि = रज्जू , किरण
वणस्सइ = वनस्पति
वाहि = व्याधि, पीड़ा
विहि = विधि, ब्रह्मा
निवइ, निव = राजा, नृपति
निहि = निधि, भण्डार
पइ = पति, स्वामी, मालिक
परमेट्ठि = परमेष्ठी, उच्च अधिकारी
पंखि = पक्षी
फणि = साँप
भाइ = भाई
भिक्खारि = भिखारी, भीख माँगनेवाला
वेरि = शत्रु
ससि = चन्द्रमा
संति = शान्ति
सामि = स्वामी
सारहि = सारथी,
सेट्ठि = सेठ, धनी
हत्थि = हाथी
हरि = विष्णु, कृष्ण, इन्द्र
अग्गणि = नेता, अग्रेसर
गामणि = मुखिया
सुगन्धि = सुगन्धवाला
सुरहि = सुगन्धि
सुलच्छि = लक्ष्मीवान्
मणंसि = मनस्वी
दुहि = दुःखी
वावारि = व्यापारी
सुहि = सुखी
उवहि = उपाधि, माया

ओहि = अवधि, मर्यादा
कुच्छि = कुक्षि, उदर, पेट
नाणि = ज्ञानी, ज्ञानवान्
विहवि = समृद्धिवाली
सूरि = आचार्य
सेणावइ = सेनापति
रिसि = मुनि, ऋषि
जइ = यति, साधु, भिक्षु
भत्ति = भक्ति, सेवा
मइ = मति
नरवइ = नरपति, राजा
दंडि = दण्डा धारण करने वाला
अरि = शत्रु
समाहि = समाधि
करि = हाथी
तवस्सि = तपस्वी
पाणि = प्राणवान्
रवि = सूर्य
रासि = राशि
पहि = रास्तागीर
पहि = बुद्धिमान
आसु = आंसू
गुरु = बड़ा, पूज्य
चक्खु = आँख
जण्हु = घुटने
जंतु = प्राणी
जंबु = जामुन फल
जियसत्तु = जितशत्रु राजा
जामाउ = जामाता, दामाद
तंतु = तंतु, धागा
तरु = वृक्ष
धणु = धनुष
पसु = पशु
इन्दधणु = इन्द्रधनुष
बिंदु = बिन्दु, बूंद
महु = मधु
उडु = एक विमान का नाम
कंचु = कञ्चुक, चोली
कडु = कडुआ, तिक्तरस
करेणु = हाथी
कुन्थु = तीर्थंकर का नाम
केउ = केतु, ध्वजा
गउ = बैल, वृषभ, साँड़
गरु = बड़ा
चउ = चतुर
चट्टु = लकड़ी का पात्र विशेष
चरु = पात्रविशेष
छेत्तु = काटनेवाला
हेउ = हेतु, कारण
तणु = पतला, कृश, शरीर
तेउ = अग्नि, तेज
थाणु = महादेव, शिव
दुप्पिउ = दुष्टपिता
पंगु = लंगड़ा
पडु = पटु, चतुर
कयण्णु = कृतज्ञ
दिग्घाउ = दीर्घायु
परिप्फुड = फोड़नेवाला, भेदक
पहु = प्रभु, स्वामी, परमेश्वर
पाउ = गुदा, भात, ऊख
पाणु = प्राण-वायु, श्वासोच्छ्वास
पिउ = पिता
पीलु = वृक्ष विशेष
पुरु = प्रचुर, प्रभूत, एक राजा का नाम
फरसु = कुठार, कुल्हाड़ा

भिउ = एक ऋषि का नाम
मग्गु = पक्षिविशेष, मार्ग
मच्चु = मृत्यु
मणु = प्रजापति, मुनिविशेष
मन्नु = क्रोध
मरु = वायु, निर्जल प्रदेश
मेरु = पर्वत विशेष
रहु = रघु—सूर्यवंश का राजा
रिउ = शत्रु
रुरु = मृगविशेष
वाउ = वायु, पवन
विउ = विद्वान्, पंडित
विच्छु = विच्छू, जन्तुविशेष
विज्जु = बिजली, विद्युत्
विन्हु = विष्णु,
विण्हु = विष्णु
विभु = स्वामी, परमेश्वर
विहु = चन्द्र, ब्रह्मा
वेलु = चोर
सत्तु = शत्रु, सत्त
साहु = साधु
हिंगु = हींग
हिन्दु = हिन्दू
बिआलिउ = बाण
दाउ = देनेवाला
भत्तु = स्वामी
साउ = स्वादिष्ट
चारु = सुन्दर

धातुकोष

सुणइ = सुनता है
रोवइ, रुवइ = रोता है
दरिसइ = बतलाता है, दिखाता है
दिक्खइ = देखता है
दमइ = निग्रह करता है
तसइ = डरता है, त्रास पाता है
तावइ = गर्म करता है
ताडइ = ताड़ना करता है
इच्छइ = इच्छा करता है
वड्ढइ = बढ़ता है
अच्छइ = बैठता है
वच्चइ = जाता है
खिज्जइ = खिन्न होता है
वेढइ = वेष्टित करता है
रुन्धइ = रोकता है
नमइ, नवइ = झुकता है
ओमीलइ = मुद्रित होता है, बन्द होता है
ओयत्तइ = उलटता है
कंडइ = धान का छिलका अलग करता है
कड्ढइ = खींचता है
कणइ = आवाज करता है
कमइ = संगत होता है, युक्त होता है
कम्मइ = हजामत बनाता है, क्षौर कर्म करता है।
कलहइ = झगड़ा करता है
उम्मुंचइ = परित्याग करता है
वज्जावइ = बकवाद करता है
जवइ = व्यवस्था करता है
जाइ = जाता है, गमन करता है
जागरइ = जागता है, नींद छोड़ता है
जामइ = साफ करता है
जीवइ = जीता है
जुगुच्छइ = घृणा करता है

जुज्झइ = युद्ध करता है लड़ाई करता है
जोअइ = प्रकाशित करता है
मग्गइ = ढूढ़ता है
नस्सइ = नष्ट होता है
तुट्टइ = टूटता है
सिव्वइ = सीता है
जिणइ = जीतता है
लुणइ = काटता है
वरइ = वरण करता है
सरइ = खिसकता है।
जरइ = जीर्ण होना, पुराना होना
ओगाहइ = अवगाहन करता है
ओगिण्हइ = अनुज्ञापूर्वक ग्रहण करता है
ओग्गहइ = ग्रहण करता है
ओइंधइ = छोड़ देता है
ओगणइ = अव्यक्त ध्वनि करता है
ओणंदइ = अभिनन्दन करता है
ओणमइ = नीचे नमता है
ओणल्लइ = नीचे लटकता है
ओभासेइ = चमकता है, प्रकाशित होता है
कज्जलावेइ = डूबता है
कढइ = उबालता है, तपाता है
कप्पइ = समर्थ होता है, कल्पना करता है
कमइ = चलता है, उल्लंघन करता है
कम्मवइ = उपभोग करता है
उल्लसइ = विकसित होता है
उब्भुअइ = उत्पन्न होता है
जलइ = जलता है
जवइ = जाप करता है, मन ही मन देवता का स्मरण करता है
जाणइ = जानता है
जिंघइ = सूंघता है
जिणइ = जीतता है, वश करता है
जुंजइ = जोड़ता है, प्रयुक्त करता है
जूरइ = खेद करता है, क्रोध करता है
झंखइ = विलाप करता है, उलाहना देता है

अब्भासो Exercise

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

पटना नगर में एक राजा रहता था। उसकी पत्नी का नाम मायादेवी था। उनकी तीन सन्तानें थीं। सबसे बड़ा लड़का कालेज में पढ़ता था। दूसरा लड़का नवीं श्रेणी का छात्र था। कन्या कुसुमलता मोहिनी देवी स्कूल में पढ़ती है। जब परीक्षा हुई तो सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

आरा छोटा सा नगर है। यहाँ चार कालेज और नौ हाई स्कूल हैं। जैनसिद्धान्त भवन एक बहुत बड़ा ग्रन्थागार है। इसमें हस्तलिखित ग्रन्थ बहुत ज्यादा हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस नगर का महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए यहाँ के छात्र गया जाते हैं। गया भी हिन्दुओं का प्राचीन तीर्थस्थान है। पितृपक्ष में यहाँ मेला लगता है। फल्गू नदी का तट प्रातःकाल सुन्दर मालूम पड़ता है।

राजगिर एक ऐतिहासिक नगर है। यहाँ प्राचीन समय में बिम्बसार राज्य करता था। इस राजा का दूसरा नाम श्रेणिक भी है। श्रेणिक बहुत ही प्रतापी और प्रभावशाली राजा था। इसके पुत्र का नाम अजातशत्रु था। अजातशत्रु अपने पिता से नाराज हो गया था। यही कारण है कि उसने अपने पिता को कारागृह में बन्द कर दिया था। राजगिर में गर्म पानी के झरने हैं। मलमास में यहाँ भी मेला लगता है। भगवान् महावीर का सबसे पहला उपदेश यहाँ के विपुलाचल पर हुआ था।

नालन्दा के विश्वविद्यालय को हम सभी जानते हैं। यहाँ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। आरम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बिना कोई भी छात्र प्रवेश नहीं पा सकता था। प्रधानाचार्य को पीठाध्यक्ष भी कहा जाता था। आज भी नालन्दा में पालिशोध-संस्थान है। इस संस्थान के निर्देशक बहुत बड़े विद्वान् हैं। विदेश से भी विद्यार्थी आकर यहाँ अध्ययन करते हैं। पालिभाषा में प्राचीन संस्कृति निहित है।

वैशाली गणतन्त्र का सर्वप्रथम नगर है। लिच्छवि राजाओं ने यहाँ पर प्रजातन्त्र की नींव डाली थी। यहाँ पर भगवान् महावीर का जन्म हुआ है। आज भी चैत्रशुक्ला त्रयोदशी के दिन मेला लगता है। इस मेले में लगभग एक लाख मनुष्य एकत्र होते हैं। हाल ही में बिहार सरकार ने यहाँ प्राकृत-शोध प्रतिष्ठान की स्थापना की है। प्राकृत भाषा का साहित्य विशाल और महत्त्वपूर्ण है। महाकाव्य, खण्डकाव्य, सट्टक, स्तोत्र गुण और परिमाण की दृष्टि से बेजोड़ है। भाषाविज्ञान और संस्कृति की दृष्टि से भी इस भाषा का महत्त्व बहुत अधिक है।

नवमो पवाढओ Lesson 9

विशेषण, संख्यावाचक शब्द, कारक, समास, एवं तद्धित

७० जो लिङ्ग और वचन विशेष्य का होता है, वही लिङ्ग और वचन विशेषण का भी होता है। यथा—

सुंदेरो पुरिसो, सुंदेरी नारी, सुन्देरं फलं इत्यादि।

७१. विशेषण पाँच प्रकार के होते हैं—गुणवाचक, सार्वनामिक, संख्यावाचक, तुलनात्मक और कृदन्त विशेषण। गुणवाचक विशेषण द्वारा विशेष्य की गुणसम्बन्धी विशेषता बतलायी जाती है। इस विशेषण के लिंग, वचन और विभक्तियाँ विशेष्य के अनुसार ही होती हैं। यथा—

काला कुत्ता जाता है = किसणो कुक्कुरो धावइ।
काले कुत्ते दौड़ते हैं = किसणा कुक्कुरा धावंति।
अच्छा लड़का पढ़ता है = उत्तमो बालओ पढइ।
अच्छे लड़के पढ़ते हैं = उत्तमा बालआ पढंति।
अच्छे लड़के के द्वारा पढ़ा गया = उत्तमेण बालेण पढिओ।
अच्छे लड़के को पढ़ना पसन्द है = उत्तमस्स बालस्स पढणं रुचए।

७२. विशेष्य के पूर्व में आने से सर्वनाम भी विशेषण बन जाते हैं। इनके भी लिङ्ग, वचन और विभक्ति विशेष्य के अनुसार ही होती हैं यथा—

यह लड़का घर जाता है = अयं बालो गिहं गच्छइ।
यह लड़की घर जाती है = = इमा बाला गिहं गच्छइ
यह फूल अच्छा है = इदं पुप्फं उत्तमं अत्थि।
वह हाथी पानी पीता है = सो गयो जलं पिवइ।
वे मित्र पढ़ते हैं = ताइं मित्ताणि पढंति।
वह गाय दूध देती है = सा धेणू दुद्धं देइ।
वह फल मीठा है = एअं फलं महुरं अत्थि।
वह रानी काम करती है = एसा रण्णी कज्जं करेइ।
ये बर्तन गन्दे हैं = एआणि भण्डाणि मलिणाणि संति।
उस स्त्री का लड़का जाता है = अमूए इत्थीए बालओ गच्छइ।
उस आदमी का काम होता है = अमुणो पुरिसस्स कज्जं हवइ।

इन लड़कों को पुरस्कार दो = एताणं बालाणं पुरसकारं देउ ।
इन लड़कियों को पुरस्कार दो = एईणं बालिआणं पुरक्कारं देउ ।
ये लताएँ अच्छी लगती हैं = एईआ लया उत्तमा लग्गंति ।
ये वृक्ष अच्छे हैं = एए विच्छा उत्तमा संति ।
उस स्थान से लड़के जाते हैं = तम्हा थाणत्तो बालआ गच्छंति ।

७३. हिन्दी में संख्यावाचक विशेषण दोनों लिङ्गों में प्रायः समान होते हैं, किन्तु प्राकृत मे लिङ्गभेद से इनके रूपों में अन्तर हो जाता है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि एक शब्द को छोड़ सभी संख्यावाची शब्द प्राकृत में भी तीनों लिङ्गों के समान होते हैं। यथा—

एक लड़का पढ़ता है = एगो बालओ पढइ ।
एक लड़की पढ़ती है = एगा बालिआ पढइ ।
यह एक पुस्तक है = इदं एगं पोत्थयं अत्थि ।
इस जंगल में एक सिंह रहता है = अस्सि वणे एगो सीहो णिवसइ ।
उस खेत में दो बकरियाँ चरती हैं—तम्मि खेत्ते दुण्णि अजा चरंति ।
उस ग्राम में तीन वैद्य रहते हैं=तम्मि गामम्मि तिण्णि वेज्जा णिवसंति ।

संख्यावाचक शब्दों के रूप

७४. संख्यावाचक शब्दों में अट्ठारस (अष्टादश) संख्यावाचक शब्द तक षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में ण्ह और ण्हं प्रत्यय जुड़ते हैं।

पुँल्लिङ्ग—एक—इक, एक, एग, एअ

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगो, एओ, एक्को, इक्को	एगे, एए, एक्के
बी०	एगं, एअं, एक्कं	एगे, एगा, एए, एआ

शेष रूप सव्व शब्द के समान होते हैं।

स्त्रीलिङ्ग एगा, एआ, एक्का—एक

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगा, एआ, एक्का	एगाओ, एआओ, एक्काओ
बी०	एगं, एअं, एक्कं	,, ,, ,,

शेष रूप सव्वा के समान होते हैं।

नपुंसक लिङ्ग—एग, एअ, एक्क (एक)

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगं, एअं, एक्कं	एगाणि, एआणि, एक्काणि
बी०	एगं, एअं, एक्कं	,, ,, ,,

शेष शब्द पुंलिङ्ग के समान ही होते हैं।

उभ, उह (उभ) शब्द तीनों लिङ्गों में समान

	बहुवचन
प०	उभे
बी०	उभे, उभा
त०	उभेहि, उभेहिं
च०	उभण्हं
पं०	उभाहिन्तो, उभासुंतो
छ०	उभण्हं
स०	उभेसु

दु, दो, वे (द्वि) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	दुवे, दोण्णि, विण्णि
बी०	,, ,, ,,
त०	दोहि–हिं–,वेहि–हिं
च०	दोण्ह, दोण्हं, दुण्हं, वेण्ह
पं०	दुत्तो, दोसुन्तो, दो हिन्तो, वे सुत्तो
छ०	दोण्ह, वेण्ह, दोण्हं
स०	दोसु, वेसु

ति (त्रि) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	तिण्णि
बी०	तिण्णि
त०	तीहि, तीहिं
च०	तीण्ह, तीण्हं
पं०	तीहिन्तो
छ०	तीण्हं
स०	तीसु

चउ (चतुर) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
बी०	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
त०	चऊहि, चऊहिँ चऊहिं
च० छ०	चउण्हं
पं०	चउत्तो, चउहितो, चउसुन्तो
स०	चऊसु

सत्त (सप्तन्) शब्द

	बहुवचन
प०	सत्त
बी०	सत्त
त०	सत्तहि-हिँ-हिं
च० छ०	मत्तण्ह, सत्तण्हं
पं०	मत्तओ, सत्तहितो सत्तसुन्तो
स०	सत्तसु

पंच (पञ्चन्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	पंच
बी०	पंच
त०	पंचहि-हिं
च० छ०	पंचण्ह, पंचण्हं
पं०	पंचाहितो, पंचासुंतो
स०	पंचसु

छ (षष्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	छ
बी०	छ
त०	छहिं
च० छ०	छण्हं
पं०	छहितो, छसुंतो
स०	छसु

अट्ठ (अष्टन्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	अट्ठ
बी०	अट्ठ
त०	अट्ठहि-हिँ-हिं
च० छ०	अट्ठण्ह
पं०	अट्ठाहितो, अट्ठासुन्तो
स०	अट्ठसु

णव (नवन्) तीनों लिङ्गों में	
	बहुवचन
प०	णव
बी०	णव
त०	णवहिं
च० छ०	णवण्हं
पं०	णवाहिन्तो, णवासुन्तो
स०	णवसु

दह, दस (दशन्)	
	बहुवचन
प०	दह, दस
बी०	दह, दस
त०	दहहिं, दसहिं
च० छ०	दहण्हं, दसण्हं
पं०	दहासुन्तो, दसाहिन्तो, दहाहिन्तो
स०	दहसु, दससु

इसी प्रकार एगारह, बारह, तेरह, चउद्दह, पण्णरह, सोलह, सत्तरह और अट्ठारह शब्दों के रूप होते हैं।

कइ (कति) शब्द—तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	कइ
बी०	कइ
त०	कईहि
च० छ०	कइण्ह, कइण्हं
पं०	कईहिन्तो, कईसुन्तो
स०	कईसु

वीसा (विंशति) तीनों लिङ्गों में

	एकवचन	बहुवचन
प०	वीसा	वीसाओ
बी०	वीसं	वीसाओ
त०	वीसाअ, वीसाए	वीसाहि
च० छ०	वीसाअं, वीसाए	वीसाण-णं
पं०	वीसत्तो, वीसाए	वीसाहिन्तो, वीसासुन्तो
स०	वीसाइ	वीसासु
सं०	हे वीसा	हे वीसाओ

इसी प्रकार एगूणवीसा, एगवीसा, दुवीसा, तेवीसा, चउवीसा, पण्णवीसा, छव्वीसा, सत्तवीसा, अट्ठावीसा, एगूणतीसा, तीसा, एगतीसा,

दुतीसा, तेतीसा, चउतीसा, पण्णतीसा, छत्तीसा, सत्ततीसा, अडतीसा, एगूणचत्तालीसा, चत्तालीसा, एगचत्तालीसा, बायाला, तेआलीसा, चउआलीसा, पणगचत्तालीसा छवत्तालीसा, सत्तचत्तालीसा, अडचालीसा, एगूणवन्ना, पन्नासा, एगावन्ना, दोवन्ना, तेवन्ना, चउवन्ना, पणवन्ना, छपन्ना, ससावन्ना, अट्ठावण्णा शब्दों के रूप होते हैं।

सट्ठि (षष्टि) तीनों लिङ्गों में

	एकवचन	बहुवचन
प०	सट्ठी	सट्ठीओ
बी०	सट्ठि	सट्ठीओ
त०	सट्ठीअ, सट्ठीए	सट्ठीहि
च० छ०	सट्ठीअ, सट्ठीए	सट्ठीण
पं०	सट्ठित्तो, सट्ठीए	सट्ठीहिन्तो, सट्ठीसुन्तो
स०	सट्ठीए, सट्ठीअ	सट्ठीसु
सं०	हे सट्ठि, सट्ठी	हे सट्ठीओ

इसी प्रकार एगूणसट्ठि, एगसट्ठि, दोसट्ठि, तेसट्ठि, चउसट्ठि, पणसट्ठि, छसट्ठि, सत्तसट्ठि, अडसट्ठि, एगूणसत्तरि, सत्तरि, एकसत्तरि, दोसत्तरि, तेसत्तरि, चउसत्तरि, पणसत्तरि, छस्सत्तरि, सत्तसयरि, अडसयरि, एगूणासीइ, असीइ, एगासीइ, दोसीइ, तेसीइ, चउरासीइ, पणसीइ, छासीइ, सत्तासीइ, अठासीइ, नवासीइ, एगूणनवइ, णवइ, एगणवइ, दोणवइ, तेणवइ, चउणवइ, पंचणवइ, छण्णवइ, सत्तणवइ, अट्ठाणवइ, एवं नवणवइ शब्दों के रूप होते हैं।

नपुंसकलिङ्ग सय (शत)

	एकवचन	बहुवचन
प०	सयं	सयाइं, सयाणि
बी०	सयं	सयाइं, सयाणि

शेष शब्द अकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के समान होते हैं।

दुसय, तिसय (तीन सौ), चत्तारि सयाइं (चार सौ), पणसय, छसय, सत्तसय, अट्ठसय, नवसय, सहस्स, दससहस्स, अयुअ, लक्ख, दहलक्ख, पयुअ, आदि शब्दों के रूप भी सय के समान नपुंसक लिङ्ग में ही होते हैं। कोडि, कोडाकोडि, सयकोडि, दहकोडि के रूप स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

अपूर्णसंख्यावाचक विशेषण

चतुर्थांश = पायो	पौना = पाओणं, पाउणं
आधा = अद्धं, अड्ढं	सवा = सवायो, सवायं
डेढ़ = सड्ढं, सड्ढं	ढाई = दिवड्ढो
साढ़ेतीन = अद्धतइय, अड्ढाइय	साढ़े चार = अद्धुट्ठो, अड्ढुट्ठो
साढ़े पाँच = अद्धपंचमो	साढ़े छः = अद्धछट्ठो
साढ़े सात = अद्धसत्तमं, अद्धसत्तमो	साढ़े आठ = अद्धट्ठयो
साढ़े नौ = अद्धनवमो	साढ़े दस = अड्ढदसमो

क्रमवाचक विशेषण

पहला = पढमं, पढमिल्लं	पैंतालीसवाँ = पणयाल
दूसरा = बीओ, दुइयो	सैंतालीसवाँ = सत्तचत्ताल
तीसरा = तइओ, तच्चो	उनंचासवाँ = एगूणपन्नास
चौथा = चउत्थो	इक्यानवाँ = एगावन्नमो
पाँचवा = पंचमो	छठा = सट्ठो
ग्यारहवाँ = एक्कारमो	सातवाँ = सत्तयो
बारहवाँ = बारसमो	आठवाँ = अट्ठयो
तेरहवाँ = तेरसमो	नौवाँ = नवमो
चोदहवाँ = चउद्दसमो	दसवाँ = दहमो, दसमो
पन्द्रहवाँ = पण्णरसमो	सोलहवाँ = सोलसमो
इक्कीसवाँ = एक्कवीसइमो	सत्रहवाँ = सत्तरसमो
तेईसवाँ = तेवीसइमो	अठारहवाँ = अट्ठारसमो
पच्चीसवाँ = पंचवीसइमो	उन्नीसवाँ = एगूणवीसइमो
सत्ताईसवाँ = सत्तावीसइमो	बीसवाँ = वीसइमो
उन्तीसवाँ = एगूणतीस इमो	बाईसवाँ = बावीसइमो
इकतीसवाँ = एक्कतीसइमो	चौबीसवाँ = चउवीसइमो
तेंतीसवाँ = तेत्तीसइमो	छब्बीसवाँ = छव्वीसइमो
पैंतीसवाँ = पंचतीसाइमो	अट्ठाईसवाँ = अट्ठावीसइमो
सैंतीसवाँ = सत्ततीस इमो	तीसवाँ = तीसइमो
उनचालीसवाँ = एगूणचालीसइमो	बत्तीसवाँ = बत्तीसइमो
इकतालीसवाँ = एगचत्ताल	चौतीसवाँ = चउतीइमो
तेतालीसवाँ = तेयालीसइमो	छत्तीसवाँ = छत्तीसइमो

अड़तीसवाँ = अडतीसइमो
चालीसवाँ = चत्तालीसमो
ब्यालीसवाँ = बायालीसइमो
चवालीसवाँ = चउचत्तालीसइमो
छियालीसवाँ = छायालीसइमो
अड़तालीसवाँ = अट्ठचत्ताल. अडयालीस
पचासवाँ = पन्नासवो
बावनवाँ = बावण्णो
त्रेपनवाँ = तिपंचासइमो
चउनवाँ = चउपण्णइमो
पचपनवाँ = पंचावन्न
साठवाँ = सट्ठिमो
बासठवाँ = बासट्ठो
चौंसठवाँ = चउसट्ठिमो
छयासठवाँ = छासट्ठो
अड़सठवाँ = अडसट्ठिमो
सत्तरवाँ = सत्तरिअमो
बहत्तरवाँ = बावत्तरो
चोहत्तरवाँ = चउहत्तरो
छिहत्तरवाँ = छहत्तरो
अठहत्तरवाँ = अट्ठहत्तरो
अस्सीवाँ = असीइमो
ब्यासीवाँ = बासीइमो
चौरासीवाँ = चउरासीइमो
छियासीवाँ = छासीइमो
अट्ठासीवाँ = अट्ठासीयमो
नब्बेवाँ = नवइयमो
बानवेवाँ = बाणउयो
चौरानवेवाँ = चउणउयो
छियानवेवाँ = छन्नउयो
अट्ठानवेवाँ = अट्ठाणउयो
सौवाँ = समयमो

एकबार = एगहुत्तं
तीनवार = तिक्खुत्तो
पाँचबार = पंचक्खुत्तो
हजारबार = सहस्सहुत्तं, सहस्स-क्खुत्तो
सत्तावनवाँ = सत्तावण्णो
अट्ठावनवाँ = अट्ठावण्णो
उनसठवाँ = एगूणसट्ठो
इकसठवाँ = एगसट्ठो
त्रैसठवाँ = तिसट्ठो
पैंसठवाँ = पंचसट्ठो
छडसठवाँ = सत्तसट्ठो
उनहत्तरवाँ = एगूण सत्तरो
एकहत्तरवाँ = एकसत्तरो
तिहत्तरवाँ = तिहत्तरो
पचहत्तरवाँ = पंचहत्तरो
सत्तहत्तरवाँ = सत्तहत्तरो
उन्यासीवाँ = एगूणासीययमो
इक्यासीवाँ = एगासीइमो
चासीवाँ = तेयासीइमो
पिच्चासीवाँ = पंचासीइमो
सत्तासीवाँ = सत्तासीइमो
नवासीवाँ = एगूणनउमो
इक्यानवेवाँ = एक्काणउयो
तिरानवेवाँ = तेणउयो
पंचानवेवाँ = पंचाणउयो
सत्तानवेवाँ = सत्ताणउयो
निन्यानवें = नवणवइयो
एकसौ एकवाँ = एक्कोत्तरसयो
दोवार = दुक्खुत्तो
चारबार = चउक्खुत्तो
सौबार = सयहुत्तं, सयक्खुत्तो
अनन्तबार=अणंतहुत्तो, अणंतक्खुत्तो

प्रकारवाचक विशेषण

एक प्रकार = एगहा	तीन प्रकार = तिहा, तिविह
दो प्रकार = दुहा, दुविहा	एक प्रकार = एगविह
चार प्रकार=चउहा, चउद्धा, चउविह	आठप्रकार = अट्ठहा, अट्ठविह
बहुत प्रकार = बहुहा, बहुविह	दस प्रकार = दसहा, दसविह
सैकड़ों प्रकार = सयहा, सयविह	हजार प्रकार = सहस्सहा, सहस्सविह
नाना प्रकार = णाणाविह	अनेक प्रकार = अणेयविह

७५. प्राकृत में एक से श्रेष्ठ और सबसे श्रेष्ठ का भाव बतलाने के लिए अर, अम, ईअस और इट्ठ प्रत्यय जोड़े जाते हैं। इस प्रकार के विशेषण उत्कर्ष बतलाने या तुलना के लिए प्रयुक्त होते हैं। तुलनात्मक विशेषणों की निम्न तालिका है।

तिक्ख	तिक्खअर	तिक्खअम
उज्जल	उज्जलअर	उज्जलअम
पग्गहिय	पग्गहियअर	पग्गहियअम
थोव	थोवअर	थोवअम
अप्प	अप्पअर	अप्पअम
अहिअ	अहिअअर	अहिअअम
पिअ	पिअअर	पिअअम
हसु	हसुआ	हसुअम
अप्प	कणीअस	कणिट्ठ, कणिट्ठग
बहु	भूयस	भूयिट्ठ
पावी	पावीयस	पाविट्ठ
गुरु	गरीयस	गरिट्ठ
जेट्ठ	जेट्ठयर	जेट्ठयम
विउल	विउलअर	विउलअम
धणी	धणिअर	धणिअम
महा	महाअर, महत्तर	महाअम, महत्तम
बुड्ढ	जायस	जेट्ठ, बुड्ढअम
थूल	थूलअर	थूलअम
बहुल	बंहीअस	बंहिट्ठ
दीहर	दीहरअर	दीहरअम

अंतिम	नेदीअस	नेदिट्ठ
दूर	दवीअस	दविट्ठ
विउस	विउसअर	विउसअम
मिउ	मिउअर	मिउअम
धम्मी	धम्मीअस	धम्मिट्ठ
खुद्द	खुद्दअर	खुद्दअम
मइम	मईअस	मइट्ठ

प्रयोगवाक्य

मैं हिसाब में उससे ज्यादा पक्का हूँ = अहं गणियम्मि तम्हा पडुअरो अह्मि।

तुम मुझसे छोटे हो = तुमं ममत्तो कणीअसो अत्थि ।

वह लड़की उससे आठ वर्ष छोटी है = सा बाला तम्हा अट्ठवरिसा कणीअसी अत्थि ।

छोटा लड़का सबसे ज्यादा प्यारा होता है = कणिट्ठो पुत्तो पिअअमो होइ ।

नदियों में गंगा श्रेष्ठ है = नईसुं गंगा सेठ्ठअमा अत्थि ।

पहाड़ों में हिमालय सबसे ऊँचा है=गिरीसु हिमालयो उच्चअमो अत्थि ।

इस गाम में वह सबसे बूढ़ा है=अस्सिं गामम्मि सो वुड्ढअमो अत्थि ।

यह बोझा दोनों में ज्यादा भारी है = अयं भारो दोसुं गुरुअरो अत्थि।

मेरा घर उस जगह से अधिक दूर है = मम गिहो तम्हा थाणत्तो दूर-अमं अत्थि ।

सबसे नजदीक गाँव को चलो = नेदिट्ठं गामं चलउ ।

गंगा यमुना से अधिक बड़ी है = गंगा जमुणात्तो दीहरअरा अत्थि ।

उसकी लड़की सबसे दुलारी है = तस्स कण्णा किसअमा अत्थि ।

अजगर सब साँपों में बड़ा होता है = अजगरो सप्पेसु दीहरअमो अत्थि ।

मोहन सोहन से पढ़ने में तेज है = मोहनो सोहनत्तो पढणम्मि तिक्ख-अरो अत्थि ।

यह रास्ता सबसे ज्यादा अच्छा है = अयं मग्गो साहिट्ठो अत्थि ।

इस तालाब में सबसे ज्यादा पानी है = अस्सिं तडायम्मि भूइट्ठं जलं अत्थि ।

पशुओं में सिंह सबसे बलवान है = पसूसु सीहो बलिट्ठअमो अत्थि।
चीनी से मधु ज्यादा मीठा होता है = सक्करत्तो महु मिट्ठअरो अत्थि।
हीरा सबसे ज्यादा कीमती चीज है = हीरओ सव्वेसु मुल्लअमो अत्थि।
चाँदी से सोना भारी होता है = सुवण्णो रययत्तो भारअरो अत्थि।
सब इन्द्रियों में आँखें कोमल होती हैं = सव्वेसु इंदियेसु नेत्रं मिउअरं अत्थि।
बिल्ली के नाखून ज्यादा तेज होते हैं = बिडालस्स णहा तिक्खअमा सन्ति।
सब जानवरों में गधा बेवकूफ होता है = सव्वजन्तूसु गद्दभो मुक्खअरो अत्थि।
तुम सबसे ज्यादा होशियार हो = तुमं मइट्ठो अत्थि।
तुम परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाते हो = तुमं परीक्खाए अहियअमा अंका आनेसि।
पशुओं में शृगाल सबसे ज्यादा धूर्त होता है = पसुणं सियारो धुत्तअमो होइ।
याचक रूई से भी हलका होता है = याचओ तूलत्तो वि हलुअरो होइ।
मनुष्य में नाई धूर्त होता है = नाराणं णाविओ धुत्तो होइ।
वह मेरा छोटा भाई है = सो मम कणिट्ठो भाया अत्थि।
उसके पुत्रों में गोपाल बड़ा है = तस्स पुत्ताणं गोवालो एव जेट्ठो अत्थि।
सतियों में सीता श्रेष्ठ है = सईसु सीया सेट्ठा अत्थि।
पाप का रास्ता प्रिय होता है = पावस्स मग्गो पेयसो होइ।
पुण्य का मार्ग कल्याण का होता है = पुण्णस्स मग्गो सेयसो होइ।
कवियों में कालिदास श्रेष्ठ है = कवीसु कालिदासो सेट्ठो अत्थि।
नगरियों में वाराणसी नगरी श्रेष्ठ है = नयरीसु वाराणसी सेट्ठा अत्थि।
जयपुर नगर सबसे श्रेष्ठ है = जयपुरो नयरो सेट्ठअमो अत्थि।
वह इस नगरी में सबसे बड़ा विद्वान् है = सो अस्सिं नयरीए विउसअमो अत्थि।
पोखरे में बहुत मछलियाँ हैं = तडागे बहुमच्छा सन्ति।
इस गाँव में बहुत आदमी हैं = अस्सिं गामम्मि बहुजणा सन्ति।
उसके बदन पर तीन गहने हैं = तस्स सरीरे तिण्णि अहूसणानि सति।
उस थाली में दो दो लड्डू हैं = तीए थालीए दुण्णि मोदयाणि संति।
उस मकान में तीन नौकर हैं = तस्सिं गिहे तिण्णि सेवआ सन्ति।
उस लता में बीस फूल हैं = तीए लताए वीसा पुप्फाणि संति।

दो स्त्रियाँ नदी में नहाती हैं = नईसु दुण्णि महिलाओ ण्हान्ति।
इस प्रान्त में तीन नदियाँ हैं = अस्सिं पदेसे तिण्णि नइओ सन्ति।
इस जेल में चार चोर हैं = अस्सिं कारागारे चत्तारि चोरा संति।
गोशाला में पाँच गायें हैं = गोसालयम्मि पंच गावीओ संति।
इस गाड़ी में चार पहिये हैं=अस्सिं सयडम्मि चत्तारि चक्काणि संति।
पका आम मीठा होता है = पक्कं अंबं महुरं होइ।
चार वेद होते हैं = चत्तारि वेदा होन्ति।
पाँच पितर होते हैं = पंच पियरा हवन्ति।
सात द्वीप होते हैं = सत्त दीवा हवन्ति।
ग्यारह रुद्र होते हैं = एगारह रुद्दा हवन्ति।
सूर्य की बारह कलाएँ होती हैं = सुज्जस्स दुवारस कला हवन्ति।
इस पंक्ति में तेरह ब्राह्मण हैं = इमीए पंत्तीए तेरह बँभणा सन्ति।
इस विश्व में चौदह भुवन हैं=अस्सिं जयम्मि चउद्दह भुवणाणि सन्ति।
एक पक्ष में पन्द्रह तिथियाँ होती हैं = एयस्सिं पक्खे पण्णरह तिथीओ हवन्ति।
यह सोलह वर्ष का बालक है=अयं सोलहण्हं वरिसाणं बालओ अत्थि।
यह सत्रह वर्ष की कन्या है = इमा कण्णा सत्तरहण्हं वरिसाणं अत्थि।
अठारह पुराण प्रसिद्ध हैं = अट्ठारह पुराणा पसिद्धा सन्ति।
साठ बालक प्रथमा में पढ़ते हैं = सट्ठी बालआ पढमाए पढन्ति।
पचास व्यक्ति गाँव में रहते हैं = पण्णासा जणा गामम्मि णिवसन्ति।
पैंतालीस आदमी जा रहे हैं = पण्णचत्तालीसा जणा गच्छन्ता सन्ति।
कक्षा में उसका दूसरा स्थान है = कच्छाए तस्स दुइयं थाणं अत्थि।
मैंने दो बार इस काम को किया है = हं दुक्खुत्तो इदं कज्जं करीअ।
सत्तानबेवाँ आदमी कब आयेगा=सत्ताणउयो जणो कया आगमिस्सइ।
तीन तरह से मैंने उसे समझाया है = तिविहं हं तं मुणावीअ।
हजार बार कहने पर भी वह नहीं माना = सहस्सहुत्तं कहणेणावि सो ण अंगीकरीअ।
यह एकहत्तरवाँ आदमी किस काम में आयेगा = अयं एगसत्तरो जणो कस्सिं कज्जे आइस्सइ।
सौ बार मैं आपका कहना मानता हूँ = सयहुत्तं हं भवन्तस्स कहणं अंगीकरेमि।
चार दिन से वे क्या कर रहे हैं = आचत्तारि दिवसत्तो ते किं कुणन्तो सन्ति।

७६. वर्तमान कृदन्त भी विशेषण का कार्य करते हैं। संस्कृत में जो कार्य शतृ और शानच् प्रत्यय से लिया जाता है, वही प्राकृत में न्त और माण प्रत्यय जोड़ कर लिया जाता है। यथा—

दौड़ता हुआ बालक घर गया = धावन्तो बालओ गिहं गओ।
बोलते हुए तोता उड़ता है = बोल्लन्तो सुग्गो उड्डेइ।
पढ़ता हुआ छात्र घर गया = पढन्तो छत्तो गिहं गओ।
रोता हुआ बच्चा = रुदन्तो सिसू।
नाचते हुए दो मोर दिखलायी पड़े = णच्चन्ता दुण्णि मोरा अवलोइया।
चलती हुई गाड़ी आवाज करती है = चलन्तो सयडो सद्दं करेइ।
गिरते हुए पत्ते शब्द करते हैं = पडन्ताणि पत्ताणि सद्दं करेन्ति।
रोती हुई लड़की माँ के पास जाती है = रुव्वन्ती बालिआ मायरस्स समीवे गच्छइ।
हँसती हुई स्त्री बोलती है = हसन्ती नारी बोल्लइ।
बहती हुई नदी समुद्र में मिलती है = वहन्ती नई समुद्दे मिलइ।
भागता हुआ चोर पकड़ा गया = पालयमाणो चोरो गेण्हिज्जसो।
लजाती हुई स्त्रियाँ छिपती हैं = लज्जमाणा नारीओ तिरोहन्ति।
जाड़े से काँपता हुआ बुड्ढा आग तापता है = सीयेण कंपमाणो बुड्ढो अग्गिं सेवइ।
बाघ गरजता हुआ दौड़ता है = गज्जन्तो बाघो धावइ।
वह लजाती हुई यहाँ आती है = सा लज्जमाणा एत्थ आगच्छइ।
वह पीढ़े पर बैठा हुआ है = सो पीढे आसीणो अत्थि।
मरीज चारपाई पर सोया हुआ है = रोगी खट्टाए सयाणो अत्थि।
वह रोते-रोते पूछता है = सो रुव्वन्तो पुच्छइ।
मैंने जाते-जाते कहा = अहं गच्छन्तो कहीअ।

विभक्ति (Case-endings)

७७. अनुक्तकर्म को बतलाने के लिए कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा—

हरि का भजन करता है = हरिं भजइ
गाँव जाता है = गामं गच्छइ
वेद पढ़ता है = वेयं पढइ
पुस्तक पढ़ता है = पोत्थयं पढइ
धन इकट्ठा करता है = अत्थं चिव्वइ

७८. सप्तमी और प्रथमा विभक्ति के स्थान पर क्वचित् द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

रात्रि में बिजली का प्रकाश फैलना है = विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं।

चौबीस जिनवर भी = चउव्वीसं पि जिणवरा।

७९. संस्कृत के समान प्राकृत में भी द्विकर्मक धातुओं के योग में अपादान आदि कारकों में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

बच्चे से रास्ता पूछता है = माणवअं पहं पुच्छइ।

वृक्ष के फलों को इकट्ठा करता है = रुक्खं ओचिणइ फलानि।

बच्चे से धर्म कहता है = माणवअं धम्मं सासइ।

८०. शी, स्था और आस् धातुओं के पूर्व यदि अधि (अहि) उपसर्ग लगा हो तो इन क्रियाओं के आधार की कर्म संज्ञा होती है। यथा—

हरि वैकुण्ठ में रहते हैं = अहिचिट्ठइ वइउंठं हरी।

८१. अहि और नि उपसर्ग जब एक साथ विश (विस) धातु के पहले आते हैं, तो विश् के आधार को कर्म कारक होता है। यथा—

सन्मार्ग में रहता है = अहिनिवसइ सम्मग्गं।

८२. यदि वस् धातु के पूर्व उव, अनु, अहि और आ में से कोई उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार को कर्मकारक होता है। यथा—

हरि वैकुण्ठ में निवास करते हैं = हरी वइउंठं उववसइ, अहिवसइ, आवसइ वा।

८३. अहिओ—चारों ओर, परिओ—सब ओर, समया—समीप, निकहा—निकट, हा, पडि, धिअ, सव्वओ और उवरि-उवरि शब्दों की जिनमें सन्निकटता पायी जाय, उनमें द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

कृष्ण के चारों ओर बालक हैं = अहिओ किसणं बालआ सन्ति।

कृष्ण के सब ओर ग्वाले हैं = परिओ किसणं गोवा सन्ति।

गाँव के पास नदी है = गामं समया नई अत्थि।

समुद्र के निकट लंका है = समुद्दं निकहा लंका अत्थि।

राजा के चारों ओर नौकर हैं = परिजणो रायाणं अहिओ चिट्ठइ।

८४. अणु के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

नदी पर सेना रहती है = णइं अणुवसिआ सेणा।

मोहन के पीछे-पीछे हरि जाता है = मोहणं अणुगच्छइ हरी।

८५. जब अंगुलि निर्देश करना हो, इत्थंभूत—ये इस प्रकार के हैं—यह बतलाना हो, भाग—यह उनके हिस्से में पड़ा या पड़ता है, यह प्रकट करना हो अथवा पुनरुक्ति दिखलानी हो तो पडि, परि और अणु के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

वृक्ष पर बिजली चमकती है = वच्छं पडि विज्जुअइ विज्जू।
विष्णु के ये भक्त हैं = भत्तो विसणुं पडि अणु वा।
लक्ष्मी विष्णु के हिस्से में पड़ी या पड़े = लच्छी हरिं पडि अणु वा।
प्रत्येक वृक्ष को सींचता है = वच्छं वच्छं पडि सिंचइ।
कृष्ण सब देवताओं की अपेक्षा पूज्य हैं = अइ देवा किसणो।

८६. प्रकृति—स्वभावादि अर्थों में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—
वह स्वभाव से मधुर है = सो पइए महुरो अत्थि।
राम गोत्रसे गर्ग है = रामो गोत्तेण गग्गो अत्थि।
यह मीठे रसवाला है = इदं रसेण महुरं अत्थि।
वह सुखपूर्वक जाता है = सो सुहेण गच्छइ।

८७. दिवधातु के योग में विकल्प से द्वितीया विभक्ति भी होती है। यथा—

वह पाशों से खेलता है = सो अच्छेहिं अच्छा वा दीव्वइ।

८८ फलप्राप्ति या कार्य सिद्धि को बतलाने के लिए तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

बारह वर्षों में व्याकरण पढ़ा जाता है = दुवालसवरसेहिं वाअरणं सुणइ।

८९. सह, साअं, समं और सद्धं के योग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

पुत्र के साथ पिता आया = पुत्तेण सहाअओ पिआ।
राम के साथ लक्ष्मण भी जाता है = लक्खणो रामेण साअं गच्छइ।
देवदत्त यज्ञदत्त के साथ नहाता है = देवदत्तो जग्यदत्तेण समं ण्हाइ।

९०. पिहं, बिना, नाना शब्दों के साथ तृतीया, द्वितीया या पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

रामके बिना रहना संभव नहीं है = रामं, रामेण, रामत्तो बिना निवसणं ण सक्कइ।
जल से पृथक् कमल नहीं रह सकता = जलं, जलेण, जलत्तो वा पिहं कमलं चिट्ठितुं ण सक्कइ।

मोहन के बिना उसका रहना संभव नहीं = मोहणेण बिना तस्स णिवसणं ण सक्कइ।

९१. जिस विकृत अंग के द्वारा अंगी का विकार मालूम हो उस अंग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

वह पैर का लंगड़ा है = सो पायेण खंजो अत्थि।

वह कान का बहिरा है = सो कण्णेन बहिरो अत्थि।

तुम आंख के काने हो = तुमं नेत्तेण काणो अत्थि।

९२ जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है या होता है, उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

दण्डे से घड़ा उत्पन्न हुआ = दंडेण घडो जाओ।

पुण्य के कारण हरि दिखलायी पड़े = पुण्णेण दिट्ठो हरी।

अध्ययन के प्रयोजन से रहता है = अज्झयणेण वसइ।

९३. जो जिस प्रकार से जाना जाय, उसके लक्षण में तृतीता विभक्ति होती है। यथा—

जटाओं से तपस्वी जान पड़ता है = जडाहि तावसो पडिभाइ।

वह गमन में राम के सदृश है = गमणेण रामं अणुहरइ सो।

९४. कार्य, अर्थ, प्रयोजन, गुण तथा इसी प्रकार उपयोग या प्रयोजन प्रकट करनेवाले शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

उस पुत्र के उत्पन्न होने से क्या लाभ है, जो न विद्वान् है और न धर्मात्मा = को अत्थो पुत्तेण जो ण विउसो ण धम्मिओ।

धनी लोगों का कार्य तिनके से भी हो जाता है = तिणेण कज्जं हवइ ईसराणं।

९६. आर्ष प्रयोगों में सप्तमी के स्थान में तृतीया विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है। यथा—

उस समय में = तेणं कालेणं, तेणं समएणं।

९७. दा धातु के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

ब्राह्मणों को गाय देता है = विप्पाय या विप्पस्स गावं देइ।

श्रमणों को भोजन देता है = समणाणं भोयणं देइ।

अतः इसको भिक्षा देकर अपने को निष्पाप करता हूँ = ता करेमि एयस्स भिक्खादाणेण विगय-कलुसमप्पाणं।

९८. रोअ—रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली अन्य धातुओं के योग में प्रसन्न होनेवाला सम्प्रदान कहलाता है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

बालकको लड्डू अच्छे लगते हैं=बालअस्स मोअआ रोअन्ते।
मुझे तुम्हारा विचार अच्छा लगता है=मम तव वियारो रोयइ।
उसकी बात मुझे अच्छी नहीं लगती=तस्स वाया मज्झं न रोयइ।

९९. सलाह (श्लाघ), हुण, चिट्ठ (स्था) और सव-शप् धातुओं के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

गोपी कामदेव के वश से श्रीकृष्ण के अर्थ अपनी श्लाघा करती है, स्थित होकर कृष्ण को अपना अभिप्राय बताती है तथा कृष्ण के लिए अपना उपालम्भ करती है=गोवी समरत्तो किसणाय किसणस्स वा सलाहइ, चिट्ठइ, सवइ वा।

१००. धर, उधार लेना—कर्ज लेना धातु के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि भक्त के लिए मोक्ष को धारण करते हैं=भत्ताय, भत्तस्स वा धरइ मोक्खं हरी।
श्याम ने अश्वपति से एक सौ कर्ज लिए = सामो अस्सवइणो सइं धरइ।

१०१. सिह—स्पृह धातु के योग में जिसे चाहा जाय, वह सम्प्रदान संज्ञक होता है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति में रखते हैं। यथा—

फूलों की चाहना करता है=पुप्फाणं सिहइ।

१०२. कुज्झ, दोह, ईस तथा असूअ धातुओं के योग में तथा इन धातुओं के समान अर्थवाली धातुओं के योग में जिनके ऊपर क्रोधादि किये जाते हैं, उनको चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि के ऊपर क्रोध करते हैं, द्रोह करते हैं, ईर्ष्या करते हैं, घृणा करते हैं=हरिणो कुज्झइ, दोहइ, ईसइ, असूअइ वा।

१०३. निश्चितकाल के लिए वेतन इत्यादि पर किसी को रखा जाना परिक्रयण कहलाता है, उस परिक्रयण में जो करण होता है, उसको विकल्प से चतुर्थी विभक्ति में रखा जाता है। यथा—

सौ रुपये के वेतन पर रखा गया=सयेण सयस्स वा परिकीणइ।

१०४. जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाय, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

मुक्ति के लिए हरि को भजता है = मुत्तिणो हरिं भजइ।

भक्ति ज्ञान के लिए होती है=भत्ती णाणाय कप्पइ, संपज्जइ, जाअइ वा।

१०५. हित और सुख के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

ब्राह्मण के लिए हितकर या सुखकर = बंभणस्स हिअं सुहं वा।

१०६. नमो, सुत्थि, सुहा, सुआहा और अलं के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि को नमस्कार हो = हरिणो नमो।

प्रजा का कल्याण हो = पआणं सुत्थि।

पितरों को समर्पित है = पिअराणं सुहा।

मल्ल दूसरे मल्ल के लिए पर्याप्त है = अलं मल्लो मल्लस्स।

१०७. जब कोई वस्तु किसी से अलग होती है, तो उसे पञ्चमी विभक्ति में रखा जाता है। यथा—

दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है = धवन्तो अस्सत्तो पडइ।

१०८. दुगुञ्छ, विराम और पमाय तथा इनके समानार्थक शब्दों के साथ पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

पाप से घृणा करता है या दूर होता है = पावत्तो दुगुञ्छइ, विरमइ वा।

१०९. जिसके कारण डर मालूम हो अथवा जिसके डर के कारण रक्षा करनी हो, उस कारण को पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

राम कलह से डरता है = रामो कलहत्तो बीहइ।

वहाँ साँप का भय है = तत्थ सप्पओ भयं अत्थि।

वह चोर से डरता है = सो चोरओ बीहइ।

११०. 'भी' धातु के योग में पञ्चमी के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति भी पायी जाती है। यथा—

दुष्टों से कौन नहीं डरता है = दुट्ठाणं को न बीहइ।

१११. पञ्चमी के अर्थ में षष्ठी विभक्ति भी देखी जाती है। यथा—

चोर से डरता है = चोरस्स बीहइ।

११२. परापूर्वक जि धातु के योग में जो असक्त होता है, उसकी अपादान संज्ञा होती है और पञ्चमी विभक्ति हो जाती है। यथा—

अध्ययन से हारता है = अज्झयणत्तो पराजयइ ।

११३. जन धातु के कर्त्ता का आदि कारण अपादान होता है । यथा —

काम से क्रोध उत्पन्न होता है = कामत्तो कोहो अहिजाअइ ।
क्रोध से मोह उत्पन्न होता है = कोहत्तो मोहो अहिजाअइ ।
हिमालय से गंगा निकलती है = हिमवत्तो गंगा पवहइ ।

११४. स्वस्वामिभावादि सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है । यथा —

कौए के अंगों की प्रशंसा करता है = काअस्स अंगाणि पसंसेइ ।
उसे बुलाने के लिए माधवी नाम की दासी को भेजा = तस्स वाहरणत्थं माहवी अहिहाणा चेडी पेसिया ।
माता को याद करता है = माआए सुमरइ ।

११५. हेतु शब्द के योग में भी जो शब्द कारण या प्रयोजन रहता है, वह और हउ (हेतु) शब्द दोनों ही षष्ठी में रखे जाते हैं । यथा —

अन्न-प्राप्ति के प्रयोजन से रहता है = अन्नस्स हेउस्स वसइ ।

११६. अधिकरण तथा दूर एवं अन्तिक अर्थवाले शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है । यथा—

चटाई पर कौआ है = कडे आसइ कागो
गाँव से दूर अथवा निकट में = गामस्य दूरे अन्तिए वा ।

११७. सामी, ईसा, अहिवइ, दायाद, सक्खी, पडिहू और पसूअ इन सात शब्दों के योग में षष्ठी और सप्तमी दोनों विभक्तियाँ होती हैं । यथा—

गायों का स्वामी = गवाणं गोसु वा सामी ।
गायों से उत्पन्न = गवाणं गवासु वा पसूओ ।
व्यवहार में जामिन = ववहारस्स ववहारे वा पडिभू ।

११८. यदि वस्तु का अपने समुदाय की अन्य वस्तुओं में से किसी विशेषण द्वारा वैशिष्ट्य निर्देश किया जाय तो समुदायवाचक शब्द सप्तमी अथवा षष्ठी विभक्ति में रखा जाता है । यथा—

कवियों में हरिचन्द्र सबसे बड़े कवि हैं = कईसु कईणं वा हरिचन्दो सेट्ठो ।
गायों में काली गाय अधिक दूध देनेवाली है = गवाणं गवासु वा कसिणा बहुक्खीरा ।
विद्यार्थियों में गोविन्द तेज है = छत्ताणं छत्तेसु वा गोइन्दो पडू ।

११९. मध्य अर्थ, बतलाने के लिए सप्तमी विभक्ति होती है। यथा—

इसके बीच में यह तपोवन में पहुँचा=एत्थंतरम्मि पत्तो एसो तवोवणं।
बिना जानी हुई वस्तु के लिए आग्रह नहीं करना चाहिए=अन्नाय सरूवे अ वत्थुम्मि न किज्जइ पडिबन्धो।

समास (Compound)

१२०. समास करने पर पूर्वपदों की विभक्तियों का लोप हो जाता है और जो अन्त में पद रहता है, उसी में वचन के अनुसार विभक्तियाँ आती हैं। समस्यन्त पदों का प्रयोग करने से रचना में सौन्दर्य आ जाता है। यथा—

राजा का पुत्र जाता है = रायपुत्तो गच्छइ।
भोजन के पश्चात् वे सब पढ़ते हैं = अणुभोयणं ते पढन्ति।
घर घर में दीपावली मनायी जा रही है = पइघरं दीवावली संपज्जइ।
छत्र सहित राजा सिंहासन पर बैठता है=छत्तं रायो सीहासने उवविसइ।
बादल के समान काले वर्ण की वस्तु दिखलाई पड़ती है = घणसामं वत्थुं पासामि हं।
पुण्य और पाप बन्धन के कारण हैं=पुण्णपावाइं बंधस्स कारणानि संति।
उत्कृष्ट पुण्यशाली व्यक्ति कहाँ जाता है =पपुण्णो जणो कत्थ गच्छइ।
पुत्र सहित वह यहाँ आया है = सपुत्तो एत्थ सो आयओ अत्थि।
रास्ते का अतिक्रमण कर रथ गिरता है = अइमग्गो रहो पडइ।

समास के मूल चार भेद हैं—अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि और द्वन्द्व।

१२१. जिसमें पूर्वपद के अर्थ की प्रधानता होती है, वही अव्ययीभाव होता है। यथा—

हरिम्मि इइ = अइहरि	गुरुणो समीवं = उवगुरु
सिद्धगिरिणो समीवं = उवसिद्धगिरि	भोयणस्स पच्छा = अणुभोयणं
भद्दाणं समिद्धि = सुभद्दं	मच्छिआणं अहाओ = णिम्मच्छिअं
हिमस्स अभओ = अइहिमं	नयरं नयरंति = पइनयरं
दिणं दिणं पइ = पइदिणं	घरे घरे पइ = पइघरं
सत्तिं अणइक्कमिऊण = जहासत्ति	चक्केण जुगवं = सचक्कं

१२२. जिसमें उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता होती है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। यथा—

रा्णो पुरिसो = रायपुरिसो
उत्तरं गामस्स = उत्तरगामो
किसणं सिओ = किसणसिओ
जिणेण सरिसो = जिणसरिसो
आयारेण निउणो = आयारनिउणो
कलसाय सुवण्णं = कलससुवण्णं
भूयाणं बली = भूयबली
बहुजणस्स हिओ = बहुजणहिओ
दंसणाय भट्ठो = दंसणभट्ठो
थेणाओ भीओ = थेणभीओ
विज्जाए ठाणं = विज्जाठाणं
कलासु कुसलो = कलाकुसलो
इंदियं अतीतो = इंदियातीतो
सुहं पत्तो = सुहपत्तो
दिवं गओ = दिवगओ
दयाए जुत्तो = दयाजुत्तो
गुडेन मिस्सं = गुडमिस्सं
लोयाय हिओ = लोयहिओ
बंभणाय हिअं = बंभयहिअं
संसाराओ भीओ = संसारभीओ
बाघ ओभयं = बाघीभयं
देवस्स मंदिरं = देवमन्दिरं
देवस्स पुज्जओ = देवपुज्जओ
जिणेसु उत्तमो = जिणोत्तमो
नरेसु सेट्ठो = नरसेट्ठो

न लोगो = अलोगो
न देवो = अदेवो
पगओ आयरियो = पायरिओ
कुंभं करइ त्ति = कुंभआरो
रत्तो अ एसो घडो = रत्तघडो
महंतो सो वीरो = महावीरो
वीरो अ एसो जिणिन्दो = वीरजिणेन्दो
सीअं च तं उण्हं य = सीउण्हं
घणो इव सामो = घणसामो
संजमो एव धणं = संजमधणं
नवण्हं तत्ताणं समाहारो = नवतत्तं
नाणम्मि उज्जओ = नाणोज्जओ
न इट्ठं = अणिट्ठं
न सच्चं = असच्चं
उग्गओ वेलं = उव्वेलो
अइक्कंतो पल्लंकं = अइपल्लंको
सुंदरा य एसा पडिमा = सुन्दरपडिमा
कण्हो य सो पक्खो = कण्हपक्खो
कुमारी अ सा गब्भिणी = कुमार-गब्भिणी
चंदो इव मुहं = चन्दमुहं
मुहं चंदोव्व = मुहचंदो
चउण्हं कसायाणं समूहो = चउक्कसायं
तिण्हं लोगाणं समूहो = तिलोयं

१२३. जब समास में आये हुए दो या अधिक पद किसी अन्य शब्दो के विशेषण हों तो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। यथा—

पीअं अंबरं जस्स सो = पीअंबरो
आरूढो वाणरो जं रुक्खं सो = अरूढ-वाणरो रुक्खो
नट्ठो मोहो जाओ सो = नट्ठमोहो
महंता बाहुणो जस्स सो = महाबाहु

चंदो इव मुहं जाए = चंदमुहीकन्ना
नत्थि पुत्तो जस्स सो = अपुत्तो
नत्थि उज्जमो जस्स सो = अणुज्जमो पुरिसो
विगयं रूवं जस्सो सो = विरूवो अण

मियनयणाइं इव नयणाणि जाए सा= मियनयणा
चरणं चेअ धणं जाणं = चरणधणा साहवो
पुण्णेण सह = सपुण्णो लोयो
फलेण सह = सफलं
चेलेण सह = सचेलं ण्हाणं
पणि पुण्णं जस्स सो = पपुण्णो जणो
विगओ धवो जाए सा = विहवा
अवगतं रूवं जस्स सो = अवरूवो
जिओ कामोजेण सो = जिअकामो
भट्ठो आयरो जाओ सो = भट्ठायारो
आसा अंबरं जेसिं ते = आसंबरा
नीलो कंठो जस्स सो=नीलकंठो मोरो
धुओ सव्वो किलेसो जस्स सो= धुअसव्वकिलेसो जिणा

नत्थि नाहो जस्स सो = अणाहो
निग्गआ दया जस्स सो=निद्दयो जणो
विगओ रसो जत्तो तं=विरसं भोयणं
गजाणण इव आणणो जस्स सो = अजाणणो
सीसेण सह = ससीसो आयरिओ
कम्मणा सह = सकम्मो नरो
मूलेण सह = समूलं
कलत्तेण सह = सकलत्तो नरो
निग्गया लज्जा जम्स सो=निल्लज्जो
अइक्कंतो मग्गो जेण सो=अइमग्गो रहो
परिअअं जलं जाए सा = परिजला परिहा

१२४. दो या दो से अधिक संज्ञाएँ एक साथ रखी गई हों और उन्हें य शब्द के द्वारा जोड़ा गया हो तो वह द्वन्द्व समास कहलाता है। यथा—

पुण्णं य पावं य = पुण्णपावाइं
अजिओ य संतीअ = अजियसंतिणो
उसहो य वीरो य = उसहवीरा
देवा य दाणवा य गंधव्वा य = देव-दाणवगंधव्वा
वाणरो य मोरो य हंसो य = वानर मोरहंसा
देवा य देवीओ य = देवदेवीओ
सुहं य दुक्खं य = सुहदुक्खाइं
जिणो अ जिणो अ जिणो अ त्ति=जिणा

माआ य पिआ य = पिअरा
असणं य पाणं य एएसिं समाहारो = असणपाणं
तवो य संजमो य एएसिं समाहारो = तवसंजमं
नाणं य दंसणं य चरित्तं य एएसिं समाहारो = नाणदंसणचरित्तं
नेत्तं अ नेत्तं य त्ति = नेत्ताइं
सासू य ससुरो अ त्ति = ससुरा

तद्धित (Nominal Affixes)

१२५ भाववाचक अव्ययसंज्ञा एवं सामान्यवृत्ति को अभिव्यक्त करने के लिए तद्धित का व्यवहार किया जाता है। यथा—

शिव का लड़का पढ़ता है = सेवो पढइ।

वसुदेव का पुत्र पटना में रहता है = वासुदेवो पाडलिपुत्तम्मि णिवसइ।
नड का लड़का घर जाता है = नाडायणो घरं गच्छइ।
यह ग्रामीण चतुर है = गामिल्लो चउरो अत्थि।
यह वृक्ष के नीचे पैदा हुआ व्यक्ति है = एसो तरुल्लो जणो अत्थि।
जटाधारी व्यक्ति कहाँ जाता है = जडालो जणो कत्थ गच्छइ ?
चाँदनी रात अच्छी लगती है = जोण्हाली रत्ती रुचइ।
घमंडी उन्नति नहीं कर सकता है = गव्विरो उण्णत्ति ण लहइ।
धनवान् की प्रतिष्ठा सर्वत्र होती है = धणमन्तस्स सव्वत्थ पइट्ठा होइ।
मुझे कड़ुआ तेल अच्छा लगता है = मज्झ कडुएल्लं रोयइ।
नया आदमी कैसा काम करता है = नवल्लो जणो केरिसं कज्जं करेइ ?
वह अकेला क्या करेगा = सो एकल्लो किं करिस्सइ ?
यह अपना आदमी है = अयं अप्पणयं अत्थि।
यह दूसरे की पुस्तक है = इदं परक्कं पोत्थयं अत्थि।
यह मेरी घड़ी है = इमा मईया घडिआ अत्थि।
वह सर्वथा ऐसा करता है = सो सव्वहा एरिसं करेइ।
जितना उसने दिया है = जेत्तिलं तेण दत्तो अत्थि।
इतना अधिक संचय ठीक नहीं है = एत्तिअं अहियं संचयं वरं णत्थि।
कितने रुपयों की आवश्यकता है = केत्तिअ रूवगाणं आवस्सकया अत्थि ?
एक समय इस नगर में श्रेणिक रहता था = एकसिअं अस्सि णयरे सेणियो णिवसीअ।
जितना तुम्हें चाहिए, उतना मिल जायगा = जित्तिअं तुए आवस्सया-वित्तियं मिलस्सइ।
मथुरा के समान पटना में भवन हैं = महुरव्व पाडलिपुत्ते पासाया सन्ति।
तुम्हारी स्थूलता बढ़ रही है = तुम्हाणं पीणिमा बड्ढइ।
सौबार मैंने उससे कहा है = सयहुत्तं मए तं भणियं।
ईर्ष्यालु व्यक्ति दुःख पाता है = ईसालू जणो कट्ठं अणुहवइ।
वह विचारवान् व्यक्ति है = सो वियारुल्लो जणो अत्थि।

केर

अम्ह + केर = अम्हकेरं—हमारा।
तुम्ह + केर = तुम्हकेरं, तुम्हकेरो—तुम्हारा।

पर + केर = परकेरं—दूसरे का।
राय + केर = रायकेरं—राजा का।

एच्चय

तुम्ह + एच्चय = तुम्हेच्चय—तुम्हारा।
अम्ह + एच्चय = अम्हेच्चय—हमारा।

अ—अपत्यार्थक

सिव + अ = सेवो—शिवका लड़का।
दस रह + अ = दासरही—दशरथ का पुत्र।
वसुदेव + अ = वासुदेवो—वसुदेव का पुत्र।

आयण—अपत्यार्थक

नड + आयण = नाडायणो = नडका पुत्र।
नर + आयण = नारायण = नर का पुत्र

इल्ल और उल्ल—भावार्थक—

गाम + इल्ल = गामिल्लं—ग्राम में उत्पन्न हुआ, ग्रामीण।
पुर + इल्ल = पुरिल्लं = नगर में उत्पन्न हुआ—नागरिक।
हेट्ठ + इल्ल = हेट्ठिल्लं—नीचे उत्पन्न हुआ।
उवरि + इल्ल = उवरिल्लं—ऊपर में उत्पन्न हुआ।
अप्प + उल्ल = अप्पुल्लं—आत्मा मे उत्पन्न हुआ।
तरु + उल्ल = तरुल्लं—वृक्ष के नीचे उत्पन्न हुआ।
नयर + उल्ल = नयरुल्लं—नगर में उत्पन्न हुआ।

इमा—भाववाचक

पीण + इमा = पीणिमा—स्थूलता।
पुप्फ + इमा = पुप्फिमा—पुष्प का भाव।

त्तण—भाववाचक

मणुअ + त्तण = मणुअत्तणं—मनुष्यता।
पीण + त्तण = पीणत्तणं—स्थूलता।

हुत्तं—बार अर्थ सूचक

एय + हुत्तं = एयहुत्तं—एक बार।
दु + हुत्तं = दुहुत्तं—दो बार।

ति + हुत्तं = तिहुत्तं—तीन बार।
सय + हुत्तं = सयहुत्तं—सौ बार।
सहस्स + हुत्तं = सहस्सहुत्तं—हजार बार।

आल—वाला अर्थसूचक

रस + आल = रसालो—रसवाला।
जडा + आल = जडालो—जटावाला।
जोण्हा + आल = जोण्हालो—चाँदनी वाला।
सद्द + आल = सद्दालो—शब्दवाला।

आलु—वाला अर्थसूचक

ईसा + आलु = ईसालू—ईर्ष्यावाला।
दया + आलु = दयालू—दया करने वाला।
नेह + आलु = नेहालू—स्नेह करनेवाला।
लज्जा + आलु = लज्जालू—लज्जावाला।

वाला अर्थसूचक इल्ल और उल्ल प्रत्यय

सोह + इल्ल = सोहिल्लो—शोभावाला।
छाया + इल्ल = छाइल्लो—छायावाला।
घाम + इल्ल = घामिल्लो—घामवाला।
वियार + उल्ल = वियारुल्लो—विचारवाला।
मंसु + उल्ल = मंसुल्लो—दाढ़ीवाला।
दप्प + उल्ल = दप्पुल्लो—दर्पवाला।

वाला अर्थसूचक मण, मंत और वंत प्रत्यय

धण + मण = धणमाणो—धनवाला।
सोहा + मण = सोहामणो—शोभावाला।
बीहा + मण = बीहामणो—भयवाला।
हनु + मंत = हणुमंतो—हनुवाला।
सिरि + मंत = सिरीमंतो—श्रीवाला—धनवाला।
पुण्ण + मंत = पुण्णमंतो—पुण्यवाला।
धण + वंत = धणवंतो—धनवाला।
भत्ति + वंत = भत्तिवंतो—भक्तिवाला।

पंचमी के अर्थबोधक त्तो और दो प्रत्यय

सव्व + त्तो = सवत्तो, सव्वदो, सव्वओ—सब ओर से।
एक्क + त्तो = एकत्तो, एकदो, एकओ = एक ओर से।
अन्न + त्तो = अन्नत्तो, अन्नदो, अन्नओ—अन्य ओर से।
कु + त्तो = कुत्तो, कुदो, कुओ—कहाँ से, किस ओर से।
ज + त्तो = जत्तो, जदो, जओ—जहाँ से, जिस ओर से।
त + त्तो = तत्तो, तदो, तओ—वहाँ से, उस ओर से।
इ + त्तो = इत्तो, इदो, इओ—यहाँ से, इस ओर।

सप्तमी के अर्थबोधक हि, ह और त्थ प्रत्यय

ज + हि = जहि, जह, जत्थ—जहाँ पर।
त + हि = तहि, तह, तत्थ—वहाँ पर।
क + हि = कहि, कह, कत्थ—कहाँ पर।
अन्न + हि = अन्नहि, अन्नह, अन्नत्थ—अन्य स्थान पर।

परिमाणार्थक इत्तिअ प्रत्यय

ज + इत्तिअ = जित्तिअं—जितना; जेत्तिअं।
त + इत्तिअ = तित्तिअं—तितना; तेत्तिअं।
एतद् + इ = इत्तिअ = इत्तिअ—इतना; एत्तिअं।
के + इत्तिअं = कित्तिअ—कितना; केत्तिअं

कालबोधक सि, सिअं और इआ प्रत्यय

एक्क + सि = एक्कसि—एक समय में।
एक्क + सिअं = एक्कसिअं— ,, ,,
एक्क + इआ = एक्कइआ— ,, ,,

स्वार्थिक ल, ल्लो, अ, इल्ल, उल्ल प्रत्यय

विज्जु + ल = विज्जुला।
पत्त + ल = पत्तल।
पीअ + ल = पीअलं।
अन्ध + ल = अंधलो।
नव + ल्लो = नवल्लो।
एक + ल्लो = एकल्लो।

चन्द् + अ = चंदओ ।
बहुअ + अ = बहुअअं ।
पिअ + इल्ल = पिउल्ला ।
पल्लव + इल्ल = पल्लविल्लो
पुरा + इल्ल = पुरिल्लो ।

शब्दकोष (अव्यय)

अतिशय = अइ
अतीव = अईव
आगे = अग्गओ
आपस में = अण्णमण्णं
पश्चात् = अणतरं
भीतर = अंतो
अन्यथा = अण्णहा
दूसरे दिन = अपरज्जु
जिस प्रकार = अहा
इस समय सम्प्रति = संपइ
किल = दूर
अन्यथा = इहरा
थोड़ा = ईसि
ऊपर = उवरिं
एक प्रकार = एगज्झं
यहाँ = एत्थ
कहाँ से = कओ
कल = कल्लं
कहाँ = कहिं, कहि
निरन्तर = अभिक्खं
अवश्य = अवस्सं
अनेक बार = असइं
अथवा = अहवा, अहव
नीचे = अहे
बलात्कार = आहच्च
इस समय = इयाणिं, दाणिं, दाणि

यहीं = इह
ऊँचे = उच्चअ
ऊपर = उप्पि, उवरि
इतना = एयावया
इस तरह = एवमेव
कैसे = कहं, कह
समय से = कालओ
कब = काहे
जो = जइ
जहाँ = जत्थ
जिस प्रकार से = जहेव
जब तक = जाव
जैसे तैसे = जहतहा, जह-जहा
परन्तु, केवल = णवर
तब = तए
वहाँ = तत्थ
उस तरह = तहा, तह
वहाँ = तहिं
थोड़ा = दर
निश्चय = धुवं
उलटा = पच्चुअ
पीछे = पच्छा
और भी = चिअ, चेअ
क्योंकि = जओ
जो = जं
झटिति, जल्दी = झत्ति

उदाहरण, जैसे = तं जहा
इसको आदिकर = तप्पभिइं
रात दिन = दिवारत्तं
दो प्रकार = दुहओ
समान = पडिरूवं
विमुख = परंमुहं
प्रायः = पायो, पाओ
आगे, सम्मुख = पुरत्था
अलग = पुहं, पिहं
पीछे = मग्गतो
भूठ = मुसा
बीता हुआ कल = य्हो
एक बार = सइ
शीघ्र = सज्जो
सदा = सया
कथञ्चित् = मिय
परसों = परसवे
परलोक में = पेच्च
थोड़ा = मणयं
बार-बार = मुहु
व्यर्थ = मोदउल्ला
व्याघ्र = वीसुं
नहीं तो = णो चेअ
अपूर्व = ओसिअं
छोटा = खुड्डुओ
खेल = खेड्डं
गायिका = गत्तही
लतागृह = कुडङ्गो
गोष्ठी = गोट्ठी, घडिओ
गायन = घाअणो
चौक = चउक्कं
चोर = छेणो

दीप = जोइक्खो
परिधान = णिअद्धणं
शय्या = तल्लं, तलं
कलहकारिणी = दुम्मइणी
खिड़की = पासावो
दूती = पेसणआली, मदोली
बैल = बइल्लो
मनस्वी = माणंसी
विवाह = वारिज्जो
कुटुम्बी = वावडी
स्तन = सिहिणं
इस समय, अब = अहुणा
बाहर = बहिं, बाहिर
न पुनः = नउणा
निमित्त = कए, कएण
तथापि = तहवि
कोई-केनचित् = केणइ
यथाशक्ति = जहासत्ति
महावर = वल्लविअं
बरामदा = वरण्डो
वनराजि = वणइ
विलासी = वेल्लहलो
केश = वेल्लरीओ
गली = वीली, संकरो
लज्जा = हीरणा
उसके बाद = तओ
अन्यत्र = अन्नहि
प्रायः = पाओ, पाएणं, पायसो
धीरे-धीरे = सणियं
पूर्ण, पर्याप्त = अलं
शीघ्र = खिप्पं
उसके समान = तारिस

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

एक किसान के तीन लड़के थे। वे रोज आपस में लड़ते-झगड़ते रहते थे। बेचारा किसान तरह-तरह से उन्हें समझा बुझाकर हार गया; किन्तु उन्होंने नहीं समझा। तब उस किसान ने एक लकड़ी का गट्ठर मँगवाया और लड़कों के सामने ला रखा। उसने प्रत्येक लड़के से कहा, इस गट्ठर को तोड़ डालो। बारी-बारी से तीनों लड़कों ने कोशिश की, पर व्यर्थ हुई। तब बूढ़े किसान ने कहा—'अच्छा, अब एक-एक लकड़ी को अलग-अलग कर तोड़ डालो'। यह सुनते ही लड़कों ने लकड़ियों के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। किसान ने कहा, देखो! यदि तुम लोग मिलजुल कर रहोगे तो गट्ठर की भाँति सबल बने रहोगे, पर यदि आपस में बटे रहोगे, तो कष्ट होते देर न लगेगी।

ईश्वरचन्द्र बड़े ही दयालु प्रकृति के थे। कोई भी भिक्षुक उनके द्वार से निराश होकर नहीं लौटता था। एक दिन उन्होंने देखा, एक फटे-पुराने कपड़े पहने हुई बुढ़िया सड़क के किनारे बैठी है। भूख-प्यास के मारे उसका कंठ सूख गया है और उसमें बोलने की शक्ति भी नहीं रह गयी है। यह देखकर विद्यासागर का हृदय दया से पिघल गया और उन्होंने मिठाई खरीदकर बुढ़िया को भरपेट खिला दी। एक बार विद्यासागर रेल में सफर कर रहे थे। एक स्टेशन पर उन्होंने देखा कि एक वृद्ध गाड़ी पर चढ़ना चाहता है, किन्तु बार-बार प्रयत्न करने पर भी उससे अपना सामान गाड़ी पर नहीं चढ़ाया जाता। इतने में घंटी बज गयी।

Translate into Prakrit

Exercise 1

पटना नगर में एक राजा रहता था। उसकी पत्नी का नाम मायादेवी था। उनकी तीन सन्तानें थी। सबसे बड़ा लड़का कॉलेज में पढ़ता था। दूसरा लड़का नवीं श्रेणी का छात्र था। कन्या कुसुमलता मोहनी देवी स्कूल में पढ़ती थी। जब परीक्षा हुई तो सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

Or

There lived a king in Patna City. The name of his wife was Mayadevi. He had three children. The elder son was reading in the college. The second son was the student of class IX. The daughter Kusumlata read in Mohinidevi School. When the examination was held they all passed in first division.

Exercise 2

आरा छोटा-सा नगर है। यहाँ चार कॉलेज और नौ हाई स्कूल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए यहाँ के छात्र गया जाते हैं। गया भी हिन्दुओं के लिए प्रमुख तीर्थस्थान है। पितृपक्ष में यहाँ मेला लगता है। दूर-दूर के यात्री यहाँ पिण्डदान के लिए आते हैं। फल्गू नदी का तट प्रातःकाल में सुन्दर मालूम पड़ता है।

Or

Arrah is a small town. There are four colleges and nine high schools. In the field of education it has got an important place. Students of this place go to Gaya for Post-Graduate studies. Gaya is also an ancient place of pilgrimage. Here a fair is held in *Pitripaksha*. Pilgrims from the different places come for *Pind-dan* (पिण्डदान). The bank of Falgu river looks very nice in dawn.

Exercise 3

राजगिर एक ऐतिहासिक नगर है। यहाँ प्राचीन समय में बिम्बिसार राज्य करता था। इस राजा का दूसरा नाम श्रेणिक भी है। श्रेणिक बहुत ही प्रतापी और प्रभावशाली राजा था। इसके पुत्र का नाम अजातशत्रु था। अजातशत्रु अपने पिता से नाराज हो गया।

यही कारण था कि उसने अपने पिता को कारागार में बन्द कर दिया था। राजगिर में गर्म पानी के झरने भी हैं।

Or

Rajgir is a historical town. In ancient time Bimbisar ruled here. His another name is Shrenika also. Shrenika was a mighty and impressive king. The name of his son was Ajatashatru. Ajatashatru became displeased with his father. This was the reason why he had imprisoned his father. There are also so many geysers in Rajgir.

Exercise 4

नालन्दा के विश्वविद्यालय को हम सभी जानते हैं। यहाँ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बिना कोई भी विद्यार्थी प्रवेश नहीं पाता था। प्रधान आचार्य को पीठाध्यक्ष भी कहा जाता था। आज भी नालन्दा में पालिशोध-संस्थान है। इस संस्थान के निर्देशक भी बहुत बड़े विद्वान् हैं। विदेश के विद्यार्थी भी यहाँ आकर पालि-त्रिपिटक का अध्ययन करते हैं।

Or

The University of Nalanda is well-known to us. About ten thousand students read here. No student was admitted without passing the examination. The Principal was called Vice-Chancellor. Even at present, there is a Pali-Research Institute. The director of this Institute is also a great scholar. The students of foreign-countries also come here to study the Pali-Tripitakas.

Exercise 5

वैशाली गणतन्त्र का सर्वप्रथम नगर है। लिच्छवि राजाओं ने यहाँ पर प्रजातन्त्र की नींव डाली थी। यहीं पर भगवान् महावीर का जन्म हुआ था। आज भी चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन मेला लगता है। इस मेले के अवसर पर लगभग एक लाख मनुष्य एकत्र होते हैं। हाल ही में बिहार सरकार ने यहाँ प्राकृत-शोध-प्रतिष्ठान की स्थापना की है।

Or

Vaishali is the first and foremost town of the republic

Lichhivi Kings had established here the democratic Government. Lord Mahabir was born here. Now-a-days a fair is also held in Chaitra Sukla Trayodasi. On the occasion of this fair about one lac people gather here. Recently the Bihar Government has established here a Prakrit Research Institute.

Exercise 6

अभी हाल में गया में मगध विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। इसके उपकुलपति डा० कालिकिंकर दत्त हैं। ये इतिहास के बहुत बड़े विद्वान् हैं। इनके निर्देशन में विश्वविद्यालय में संस्कृत के अध्ययन की पूर्ण व्यवस्था है। वस्तुत: वर्तमान उपकुलपति प्राचीन पीठाध्यक्ष मालूम पड़ते हैं।

Or

Recently the University of Magadh has been founded at Gaya. The Vice-Chancellor of Magadh University is Dr. Kali Kinkar Dutta. He is a great historian. In his direction the teaching of Sanskrit literature is fully organised in this University. Of course, the present Vice-Chancellor seems to be an ancient Pithadhyaksha.

Exercise 7

एक मधुमक्खी पानी में गिर पड़ी। एक बत्तख पेड़ पर बैठा था और उसने मधुमक्खी को देखा। उसने एक पत्ता गिरा दिया। मधुमक्खी तैर कर उस पर आई और उसने अपने को बचाया। अन्य किसी समय पुन: बत्तख पेड़ पर बैठा था। एक खिलाड़ी ने बत्तख को देखा और उसे बाण का लक्ष्य बनाना चाहा। लेकिन छोटी मधुमक्खी ने उसे काट लिया और बत्तख के जीवन को बचाया।

Or

A bee had fallen into the water. A dove was sitting on a tree and saw the little bee. It threw down a leaf. The bee swam on it and saved itself. Another time the dove was again sitting on the tree. A sportsman saw the dove and aimed his arrow at him. But the little bee stung the sportsman and saved the dove's life.

Exercise 8

एक बढ़ई किसी नदी के किनारे खड़ा होकर रो रहा था; क्योंकि

उसकी कुल्हाड़ी अचानक पानी में गिर गई थी। जलदेवी ने उस पर दया दिखाई और जल से एक सोने की कुल्हाड़ी लाकर उससे पूछा—'क्या यही तुम्हारी कुल्हाड़ी है ?' उसने सत्य बोलते हुए कहा—'नहीं यह हमारी नहीं है। तदुपरान्त देवी ने एक चाँदी की कुल्हाड़ी दिखाई, लेकिन उसने उसे भी अस्वीकार कर दिया। अन्त में देवी ने उसे अन्य कुल्हाड़ियों के साथ उसकी अपनी कुल्हाड़ी भी दी। उसे लेकर वह मनुष्य प्रसन्नतापूर्वक चला गया।

Or

A woodcutter stood weaping on the bank of a river, because his axe had fallen into the water by chance. The goddess of the river took pity on him and bringing out of the water a golden axe, asked him it was his. He spoke the truth that it was not his. The goddess then showed a silver axe and again the man would not accept it. At last she gave him his own axe and also the other two. The man received them and departed happily.

Exercsie 9

रानी ने सुग्गे से पूछा—यह सर्पों को विषरहित, देवताओं को शक्तिहीन तथा सिंहों को गतिहीन बनाता है और तो भी बच्चे इसे अपने हाथों में रखते हैं। यह क्या है ? सुग्गे ने तुरत उत्तर दिया—'एक चित्रकार की तूलिका।' इस प्रकार रानी ने समझ लिया कि यह चालाक सुग्गा मेरे पति विक्रम को छोड़कर कोई दूसरा नहीं है। एक दिन विक्रम की आत्मा सुग्गे के शरीर को छोड़कर छिपकली के शरीर में प्रवेश कर गई। रानी जब सुग्गे के मृतक शरीर को देखती है तब वह विलाप करती हुई उसी के साथ जल जाना चाहती है। रानी को बचाने के लिए वह राजा पुनः सुग्गे के शरीर में प्रवेश कर जाता है। उसी समय विक्रम की आत्मा अपने शरीर में प्रवेश करती है और रानी के सम्मुख विक्रम प्रकट हो जाता है।

Or

The queen asks the parrot, "It makes snakes poisonless, the Gods powerless, lions motionless and yet children hold it in their hands. What is it ?" The parrot answers at once, "A painter's brush." In this way the queen comes to know that the wise parrot is none other than real king Vikrama, her

husband. One day Vikrama's soul leaves the body of the parrot and enters into the body of a lizard. When the queen sees the dead body of the bird, she begins to lament and wishes to burn herself with it. In order to save the queen the false king enters into the body of the parrot. That very moment the soul of Vikrama enters his own body and appears before the queen.

Exercise 10

प्राचीन समय में भारत के उत्तरी भाग में महाराज शुद्धोदन अपनी पत्नी माया देवी के साथ रहते थे। उन्हें एक सुन्दर बालक हुआ जिसका नाम उन्होंने सिद्धार्थ रखा। पिता ने उसे अत्यन्त सावधानी से पाला। उन्होंने राज्य में एक ही साथ सभी बुद्धिमानों को एक युवक राजकुमार के योग्य शिक्षा देने के लिए बुलाया। राजकुमार शीघ्र ही अच्छे विद्वान् हो गये—इसलिए उनके शिक्षक उन्हें अधिक नहीं पढ़ा सके। यद्यपि वे पुस्तकी विद्या तथा बहुत प्रकार के शस्त्रों के चलाने में दक्ष थे, फिर भी उन्होंने घमंड कभी नहीं किया। अपितु अपने शिक्षकों के साथ आदर का व्यवहार किया और अपने साथियों के साथ नम्रता तथा प्रेम का बर्ताव किया।

Or

